CMYK

अधिकतम : $33^{0}$ C
न्यूनतम : $19^{0}$ C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


हल्द्वानी, शनिवार 18 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 231 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 29 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में अपराध नियंत्रण के लिए 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स तैयार पेज 2



बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें खेल टाइम्स



धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास सम्पादकीय



ईरान से समझौते के लिए खुद पाकिस्तान जाएंगे ट्रम्प ! पेज 12

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, डोनाल्ड ट्रम्प बोले शुक्रिया




- लेबनान में युद्धविराम के बाद फैसला, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे

**तेहरान/वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और लेबनान में लागू युद्धविराम के बीच ईरान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है।

विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में युद्धविराम के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। विदेश मंत्री के अनुसार, यह निर्णय युद्धविराम अवधि के शेष समय के लिए लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। यह मार्ग ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग को खोलने का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और शिपिंग उद्योग के लिए राहत भरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय तनाव को कम करने और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मुज स्ट्रेट खुल गया है, लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है।

## ट्रम्प ने दिल्ली के एलजी बनने पर तरनजीत संधू को दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल का पदभार संभालने पर तरनजीत संधू को बधाई दी।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि दिल्ली के नए उपराज्यपाल बनने पर तरनजीत संधू को बधाई। एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में पूर्व राजदूत के रूप में तरनजीत संधू ने हमेशा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए गहरी प्रतिबद्धता दिखाई है। दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। तरनजीत सिंह संधू, जो दिल्ली के 21वें उपराज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं, फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक अमेरिका में भारत के 28वें राजदूत रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में भीषण गर्मी का दौर शुरू, बांदा में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री सेल्सियस, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच है। इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे। छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है।

### सबरीमाला मंदिर केस में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता, बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं।

### सेना को सशक्त बनाने व रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल

**नई दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। 'भविष्य के लिए तैयार बल' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

## भाजपा नेता की हत्या में कांग्रेस एमएलए को उम्रकैद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था।

# महिला आरक्षण से जुड़ा बिल गिरा

## 21 घंटे हुई बिल पर चर्चा , पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े


**54 वोट से गिरा बिल, 11 साल के शासन के दौरान पहली बार मोदी सरकार बिल पास नहीं करा पाई, बेअसर रही शाह की एक घंटा स्पीच**

**परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून ( संशोधन ) बिल 2026 पर सरकार ने वोटिंग कराने से किया इन्कार**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल से जुड़े संविधान के 3 संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। 21 घंटे की चर्चा के बाद सबसे पहले संविधान संशोधन बिल पर वोटिंग हुई। संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026 के जरिये 850 सीटें करने का प्रावधान था। इसके पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े।

लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल 54 वोट से गिर गया। इसके बाद सरकार ने बाकी 2 बिल- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026 पर वोटिंग कराने से इन्कार कर दिया। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। शाह ने कहा कि मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं।



### विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया, बहुत खेद की बात: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

### देर रात जारी हुआ नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया था। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच, आधी रात को मूल कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसका मतलब यह है कि महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वह लागू ही नहीं हुआ था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, कानून में बदलाव तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। अचानक सरकारी नोटिफिकेशन की यही वजह है।

# पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने किया स्पष्ट, वह मामले में दखल नहीं देगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका देते हुए उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की अर्जी ठुकरा दी है।

यह मामला असम पुलिस द्वारा असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है। श्री खेड़ा का आरोप था कि श्री सरमा की पत्नी के पास अलग-अलग देशों के कई पासपोर्ट हैं। श्री खेड़ा की उस अर्जी को भी अदालत ने ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने ट्रांजिट जमानत को अगले मंगलवार तक बढ़ाने की मांग की थी, ताकि वह सोमवार को असम की अदालत में पेश हो सकें। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है। यह अग्रिम जमानत उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय ने दी थी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने टिप्पणी की कि यदि संबंधित अदालत काम नहीं कर रही है, तो मामले की सुनवाई के लिए अनुरोध किया जा सकता है, जिस पर मौजूदा चलन के अनुसार विचार किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि न तो वह और न ही तेलंगाना उच्च न्यायालय असम की उस अदालत के काम में कोई दखल देगा, जो पवन खेड़ा के खिलाफ मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन में श्री खेड़ा ने आरोप लगाया था कि श्री सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और कई देशों में उनकी संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र असम के सीएम ने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया था।

# नोएडा में 203 संविदाकारों के लाइसेंस रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

- श्रम विभाग ने 1.16 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश में श्रम विभाग ने श्रम कानूनों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू की है।

प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिला में अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण, धनराशि वसूली और एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। शुक्रवार को अपर श्रमायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि श्रम विभाग की जांच में सामने आया है कि कई संविदाकारों ने श्रमिकों को उनके वैधानिक हितलाभों से वंचित रखा। इसके चलते विभाग ने कुल एक करोड़ सोलह लाख पांच हजार रुपये की पेनल्टी निर्धारित करते हुए संबंधित संविदाकारों को नोटिस जारी किया है। यह राशि सीधे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में हुए श्रमिक आंदोलन के दौरान तोड़फोड़ की घटनाओं में भी कुछ संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिसकी जांच की जा रही है। अन्य दोषी संविदाकारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रमिकों के वेतन वृद्धि के मुद्दे पर उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के 74 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह नई दरें एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी और मई 2026 में सात से दस तारीख के बीच भुगतान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वेतन वृद्धि संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर समान रूप से लागू होगी।

## राहुल गांधी मानहानि मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को

**सुल्तानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में शुक्रवार को एमपी- एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने वादी पक्ष के लगातार स्थगन मांगने पर सख्त रुख अपनाते हुए भविष्य में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को अदालत में धारा 311 सीआरपीसी के तहत दाखिल एक प्रार्थना पत्र पर बहस होनी थी।

# दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा: ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। इस पर जज ने मंजूरी दी। कहा कि एफआईआर करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दाखिल की थी। याची ने लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी।

# गौतम अडानी बने एशिया के सबसे अमीर इंसान

## अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मुकेश अंबानी को पछाड़कर अडानी ने यह उपलब्धि हासिल की





**नई दिल्ली।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के दुनिया के 500 सबसे अमीर अरबपतियों के दैनिक सूचकांक में श्री अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया है।

पिछली सूची के बाद उनकी संपत्ति 3.56 अरब डॉलर बढ़ी है और वह दुनिया में 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। साथ ही वह एशिया के सबसे धनाढ्य व्यक्ति भी बन गए हैं। श्री अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। पिछली सूची के बाद श्री अंबानी की संपत्ति में 7.67 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है और यह 90.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वह वैश्विक सूची में अब 20वें स्थान पर हैं। इस सूची में पहले आठ स्थान पर अमेरिका का कब्जा है और ये सभी प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद क्रमशः लैरी पेज, जेफ बेजोस, सर्गेई ब्रिन और मार्क जुकरबर्ग रहे। शीर्ष 20 में अमेरिका के अलावा भारत के दो और फ्रांस, मेक्सिको तथा स्पेन की एक-एक कंपनियां शामिल हैं।

# लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हरिवंश

- विपक्ष के सदस्यों को सभापति ने कुछ कहने की अनुमति नहीं दी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को लगातार तीसरी बार उच्च सदन के उप सभापति के पद पर ध्वनिमत से चुन लिया गया।

नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने हरिवंश को उप सभापति चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका भारतीय जनता पार्टी की सदस्य एस. फांगनोन कोन्याक ने समर्थन किया। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वह इस पद पर लगातार तीसरी बार चुने गए हैं। प्रस्ताव रखे जाने के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने इस संबंध में कुछ कहना चाहा, लेकिन सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए किसी का नामांकन नहीं किया गया था। यह पहला अवसर है, जब किसी मनोनीत सदस्य को सदन का उप सभापति चुना गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से बदली तकदीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रही हैं। 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत मिल रही वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन से युवा न केवल अपना व्यवसाय शुरू कर रहे हैं, बल्कि रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में इटावा जनपद के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। बिलाल ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण हासिल किया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्रलेक्स का कारोबार शुरू किया। शुरुआत में सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आज उनका उद्यम स्थिर रूप से संचालित हो रहा है और वे प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने व्यवसाय के माध्यम से 5 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है।

### सिन्हा ने परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जम्मू के चाणक्य चौक परेड से एक भव्य शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जुलूस का आयोजन डोगरा ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जीवन एवं शिक्षाओं का उत्सव मनाया गया। इससे पहले, उपराज्यपाल ने भगवान परशुराम को नमन किया और सभी के लिए शांति, प्रगति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

# अपराध नियंत्रण के लिए 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट तैयार

## प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'साइबर सिघम' की एक सशक्त फौज तैयार की जा रही

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रशिक्षित अधिकारी अपने-अपने जिलों और कमिश्नरेट में जाकर अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे
- पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक पुलिसिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए अब पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक जांच को बड़े पैमाने पर लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'साइबर सिघम' की एक सशक्त फौज तैयार की जा रही है, जो अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभाएगी।

इस दिशा में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में बड़े स्तर पर क्राइम सीन एक्सपर्ट तैयार किए जा रहे हैं। पांच चरणों में 500 विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने की योजना के तहत अब तक 300 एक्सपर्ट तैयार किए जा चुके हैं, जबकि शेष दो बैचों का प्रशिक्षण जल्द पूरा होगा। इस पहल की खास बात यह है कि प्रशिक्षित अधिकारी अपने-अपने जिलों और कमिश्नरेट में जाकर अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। इससे पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक पुलिसिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित होगी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ये एक्सपर्ट वर्कशॉप आयोजित कर आरक्षी से लेकर निरीक्षक स्तर तक के पुलिसकर्मियों को क्राइम सीन मैनेजमेंट, साइबर फॉरेंसिक और डिजिटल साक्ष्य संरक्षण की बारीकियां सिखाएंगे।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल एविडेंस प्रिजर्वेशन, साइबर ट्रैकिंग, वैज्ञानिक सैंपलिंग और फॉरेंसिक विश्लेषण की गहन जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घटनास्थल पर पहुंचते ही हर पहलू को सटीक तरीके से सुरक्षित और विश्लेषित किया जा सके। संस्थान के संस्थापक निदेशक डा. जीके गोस्वामी के अनुसार तीन बैचों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि चौथा बैच 27 अप्रैल से शुरू होगा। इसके बाद पांचवें चरण में सभी विशेषज्ञ तैयार कर लिए जाएंगे, जो प्रदेशभर में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। राज्य सरकार की इस पहल से उत्तर प्रदेश में फॉरेंसिक आधारित पुलिसिग को नई धार मिलने की उम्मीद है। यह कदम प्रदेश को आधुनिक, तकनीक-सक्षम और मजबूत कानून-व्यवस्था वाले राज्य के रूप में और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# मायावती ने फिर बोला कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा प्रमुख ने आरक्षण को लेकर साधा निशाना, लगातार अपना रुख बदलने का आरोप लगाया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल एससी, एसटी और ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर लगातार अपना रुख बदलते रहे हैं और अब महिला आरक्षण के नाम पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

मायावती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन वर्गों के आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कभी ठोस पहल नहीं की। उन्होंने ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे लागू कराने का श्रेय बसपा के प्रयासों और पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार को जाता है।

सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने संबंधी आयोग की रिपोर्ट को सपा सरकार ने लंबे समय तक लागू नहीं किया, जबकि बसपा सरकार ने 1995 में इसे लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही सपा राजनीतिक स्वार्थ के तहत महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की बात कर रही है। महिला आरक्षण पर मायावती ने कहा कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह भी भाजपा की तरह ही कदम उठाती।

अपने बयान में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी पार्टी पूरी तरह गंभीर नहीं रही है। उन्होंने इन वर्गों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपने हितों को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर बनें।

# बीमार पिता से मिलने के लिए सांसद को रिहा करे केंद्र: कश्मीरी नेता

श्रीनगर, वार्ता

कश्मीर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र सरकार से अपील कर जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद को गंभीर रूप से बीमार उनके पिता से मिलने देने के लिए मानवीय आधार पर रिहा करने का आग्रह किया है।

'अपनी पार्टी' अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से इंजीनियर रशीद की रिहाई पर विचार करने की अपील की। 'अपनी पार्टी' अध्यक्ष ने यह अपील श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में इंजीनियर रशीद के बीमार पिता खाजिर मोहम्मद शेख से मुलाकात करने के बाद की। श्री बुखारी ने 'एक्स' पर कहा कि मैंने श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में इंजीनियर रशीद साहब के बीमार पिता खाजिर मोहम्मद शेख साहब से मुलाकात की। वह अपनी गंभीर बीमारी से जंग लड़ रहे हैं और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनकी हालत अत्यंत चिंताजनक है और उनका परिवार बहुत ही मुश्किल और तकलीफदेह दौर से गुजर रहा है। इस मुश्किल घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि वह खाजिर साहब को इस गंभीर स्थिति से पार पाने की हिम्मत दें। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से इंजीनियर रशीद को पैरोल देने की अपील करते हुए बुखारी ने लिखा, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि वे सांसद इंजीनियर रशीद को पैरोल देने पर विचार करें, ताकि वह अपने बीमार पिता और परेशान परिजनों के पास रह सकें।

## राहुल ने संसदीय सीटों के परिसीमन विधेयक का किया कड़ा विरोध

# देश का निर्वाचक मानचित्र बदलना चाहती है सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



- विपक्ष के नेता ने कहा: यह 'देश द्रोह' है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है। गांधी ने संसदीय सीटों के परिसीमन विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह 'देश द्रोह' है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा।

गांधी ने परिसीमन विधेयक 2026, संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर हो रही चर्चा में शामिल होते हुए यह भी कहा कि सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते। आप इन्हें हिन्दू तो कहते हैं, लेकिन इन्हें कोई स्थान नहीं देते। कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी-दलित कहां हैं। सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है। गांधी ने सरकार से कहा कि महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने वाला पुराना विधेयक लाइए, वह उसका समर्थन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अतीत में ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यकों के लोगों के साथ बहुत क्रूर बर्ताव किया गया। अब यह विधेयक लाकर उनके साथ बिल्कुल वही काम किया जा रहा है। ऐसा काम किया जा रहा है, जिससे पिछड़ों और दलितों के हाथ में सत्ता कभी न आने दी जाए। उन्होंने कहा कि मनुवाद संविधान पर हावी है।

### परिसीमन के बाद राज्यों की लोकसभा सीटों में कमी होने की जताईआशंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों ने परिसीमन विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि विधेयक के इस रूप में पारित होने से दक्षिण और छोटे राज्यों का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम होगा और उनके हक मारे जाने की आशंका बनी रहेगी। सदन में परिसीमन विधेयक 2026, संविधान (137वां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर अधूरी रही चर्चा की शुरुआत करते हुए द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोझी ने आज कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने परिसीमन के बाद राज्यों की बढ़ने वाली लोक सभा की सीटें बढ़ाने का जो सूत्र बताया है उसे भविष्य में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के मामले में सरकार अपना एजेंडा लागू कर सकती है। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को नकारा भी जा सकता है। ऐसी स्थिति में न्याय कहां मिलेगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78493.54
निफ्टी 24353.55



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, प्रमुख सूचकांक छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को चौतरफा लिवाली देखी गई जिससे प्रमुख सूचकांक छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 504.86 अंक (0.65 प्रतिशत) चढ़कर 78,493.54 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार की समाप्ति पर 24,353.55 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का छह सप्ताह का उच्चतम स्तर है। छोटी और मझौली कंपनियों में जबरदस्त लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। आईटी की 0.02 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। एफएमसीजी का सूचकांक 2.65 प्रतिशत चढ़ गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रियलटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर में पौने पांच प्रतिशत का उछाल रहा। पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, टेक महिंद्रा, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े।

एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे। सनफार्मा का शेयर एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी में भी गिरावट रही।

# चावल, गेहूं के दाम गिरे, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ गेहूं भी सस्ता हुआ। चीनी में टिकाव देखा गया जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये घटकर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर टिकी रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव नजर आया। उड़द दाल की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल पांच रुपये और चना दाल चार रुपये महंगी हुई। मूंग दाल के दाम भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। मसूर दाल की कीमत लगभग पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 44 रिंगिट टूटकर 4,451 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत उतरकर 68.65 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 19 रुपये और पाम ऑयल की 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल छह रुपये टूट गया। मूंगफली तेल और वनस्पति चार-चार रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल में तीन रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी पिछले दिन के स्तर पर ही पड़ी रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7696.66 रुपये, मसूर काली 8082.04 रुपये, मूंग दाल 10170.81 रुपये, उड़द दाल 10816.30 रुपये, तुअर दाल 11274.22 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.17 रुपये और चावल 3850.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3265.56 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# चौहान के निर्देश पर अमानक बीज मामले में कार्रवाई

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश के धार और खरगोन जिले के किसानों ने मिलकर उनके समक्ष करेले की फसल में अमानक बीज और रोपाई से हुए भारी नुकसान का मामला रखा। इस पर सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनके निर्देशों के बाद धार जिले के मनावर थाने में संबंधित कंपनी- नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चौहान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि किसानों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। इन निर्देशों के बाद प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराएं 3 व 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों की शिकायत है कि उन्होंने नवम्बर 2025 में विभिन्न नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से संबंधित इस कंपनी के बीज खरीदे थे, लेकिन बुआई और रोपण के बाद करेला फसल में अपेक्षित उत्पादन नहीं हुआ और फल छोटे, पीले होकर गिरने लगे। फसल उत्पादन में आई भारी गिरावट के बाद किसानों ने 17 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अमानक बीज एवं अमानक बीज से तैयार रोपे किसानों को प्रमाणित बताकर बेचे गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा।

# पश्चिम बंगाल में फिर गरजेंगे योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उप्र के मुख्यमंत्री के कूचबिहार से लेकर बांकुड़ा तक ताबड़तोड़ कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरने जा रहे हैं। शनिवार को उनका दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, जहां वे उत्तर से दक्षिण तक तीन जिलों में लगातार जनसभाएं और रोड शो कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सबसे पहले कूचबिहार जिले के माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां वे भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनता से संवाद करेंगे। सीमावर्ती इस क्षेत्र में पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है और योगी की सभा को इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री जलपाईगुड़ी जिले के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र रॉय के समर्थन में जनसभा करेंगे। उत्तर बंगाल में पिछले चुनावों में मिली बढ़त को और मजबूत करने पर पार्टी का विशेष फोकस है। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री बांकुड़ा पहुंचेंगे, जहां शाम 4:15 बजे भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में रोड शो करेंगे। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में इस रोड शो को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है और स्थानीय स्तर पर इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हालिया रैलियों में उमड़ रही भारी भीड़ ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया है। उनकी जनसभाओं में लोगों का उत्साह इस कदर देखने को मिल रहा है कि कार्यक्रम स्थल समय से पहले ही खचाखच भर जा रहे हैं।

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं और समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे 200 लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराइए मत। सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी।

# कफ सिरप तस्करी मामले में शुभम जायसवाल समेत 18 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने भगोड़े सरगना शुभम जायसवाल समेत 18 आरोपियों के खिलाफ माननीय न्यायालय में 38,000 पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। दूसरी ओर, भगोड़े शुभम जायसवाल को देश लाने की कवायद भी तेजी से चल रही है। कोतवाली पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री एवं तस्करी से जुड़े बड़े मामले में लगभग 38,000 पेज की चार्जशीट वाराणसी न्यायालय में दाखिल की है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। मामला थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी में मुकदमा संख्या 235/2025 के तहत पंजीकृत है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 26(डी) के साथ ही बढ़ोत्तरी में धारा 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 8, 21, 29 और 27ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में यह चार्जशीट तैयार की गई है। इसमें कुल 18 अभियुक्त नामजद किए गए हैं, जिनमें एक फरार अभियुक्त भी शामिल है। प्रमुख अभियुक्त शुभम जायसवाल को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। अन्य प्रमुख अभियुक्तों में भोला प्रसाद जायसवाल, प्रतीक मिश्रा, विशाल कुमार सोनकर, प्रतीक कुमार, धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल, आदित्य जायसवाल, राहुल यादव, हिमांशु कसेरा, आकाश पाठक, विकास सिंह, अंकित कुमार श्रीवास्तव, स्वप्निल केसरी, दिनेश यादव, आशीष यादव, महेश खेतान, बादल आर्या और विशाल कुमार जायसवाल शामिल हैं।

# नारी शक्ति अधिनियमः भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जन जागरूकता की दृष्टि से पदयात्रा, स्कूटी रैली एवं मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया।

परेड ग्राउंड स्थित पार्टी महानगर कार्यालय से महिला और युवा मोर्चा के नेतृत्व में इन कार्यक्रमों का आयोजनों किया गया। जिसमें जनता विशेषकर महिलाओं को कानून के फायदे और अधिकारों को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस महत्वपूर्ण अधिनियम की जानकारी पहुंचाना एवं महिलाओं में बढ़ती भागीदारी के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर परैड ग्राउंड में महानगर कार्यालय से पद यात्रा, स्कूटी रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ परैड ग्राउंड से हुआ, जहां एक विशेष हस्ताक्षर अभियान भी



## भाजपा ने पदयात्रा, स्कूटी रैली, मानव श्रृंखला से मांगा जनसमर्थन

चलाया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि यह अधिनियम एक लंबे समय से महिलाओं की मांग रहा है और ये बहुत ही हर्ष की बात है कि मोदी सरकार द्वारा अब इस मांग को पूरा किया जा रहा है। अब पार्टी कार्यकर्ताओं, समाजसे. वियों और बुद्धिजीवी आदि सभी जागरूक लोगों की जिम्मेदारी है कि जन जन में कानून की जानकारी पहुंचाएं। ताकि संविधान निर्माण में मातृ शक्ति की भागेदारी का संदेश देश में नई ऊर्जा का सृजन करे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रूचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक, सामा. जिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, महिला मोर्चा से प्रदेश महामंत्री हिमानी वैष्णव, प्रदेश मंत्री नेहा शर्मा, प्रदेश मंत्री कविता शाह, मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी डा दिव्या नेगी, कार्यालय सह प्रभारी बबली चौहान, गढ़वाल सह संयोजक अर्चना बागड़ी, प्रदेश प्रवक्ता जानकी नोटियाल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रगति, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप पंत, मंडल अध्यक्ष सुषमा कुकरेती, मंडल अध्यक्ष पूनम शर्मा व वैजयंती माला आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर रुद्रप्रयाग पुलिस का एक्शन

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा अवैध शराब के भंडारण, विक्रय एवं तस्करी के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सतर्क रहकर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया है। पुलिस ने कोतवाली अगस्त्यमुनि क्षेत्र में चे. कंग के दौरान डब्बू लाल निवासी ग्राम क्यूंजा के कब्जे से 56 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद किए। वहीं, देर रात की चेकिंग में निवासी ग्राम बावई के पास से 2 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया। वहीं कोतवाली गुप्तकाशी पुलिस ने चेकिंग के दौरान बोलेरो वाहन संख्या यूके 07 टीई 1994 से अरविन्द सिंह शाह निवासी ग्राम नाला के कब्जे से 48 हाफ बरामद की।

# उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट 2026 का रिजल्ट 27 अप्रैल तक आने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड के लाखों छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खबर है। जल्द ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी होने वाला है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने संकेत दिये हैं कि अप्रैल के आखिरी हफ्ते से पहले ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी के मुताबिक, बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 24 से 27 अप्रैल के बीच जारी होने की पूरी संभावना है. यानी छात्रों का लंबा इंतजार अब कुछ ही दिनों में खत्म होने वाला है।

इस साल परीक्षा प्रक्रिया में कई बदलाव देखने को मिले. पहली बार आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से कराई गई। आंकड़ों की बात करें तो हाईस्कूल

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने दिये संकेत

में 1 लाख 12 हजार 266 और इंटरमीडिएट में 1 लाख 2 हजार 986 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। इस तरह कुल 2 लाख 15 हजार 252 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. परीक्षाओं का शेड्यूल भी इस बार तय समय के अनुसार पूरा हुआ। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से 15 फरवरी के बीच कराई गई. लिखित परीक्षाएं फरवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू होकर 20 मार्च तक चलीं। सभी परीक्षाएं एकल पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गईं।

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,261 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. जिनमें 50 एकल केंद्र और 1,211 मिश्रित केंद्र शामिल थे। वहीं 156 केंद्र संवेदनशील और 6 अति संवेदनशील श्रेणी में रखे गए. टिहरी गढ़वाल में सबसे ज्यादा 136 केंद्र बनाए गए. चंपावत में सबसे कम 44 केंद्र रहे।

बोर्ड सचिव के अनुसार, 10 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अब सभी कॉपियां मुख्यालय तक पहुंच चुकी हैं।

फिलहाल परिषद मुख्यालय में डाटा पंचिंग और उसकी गहन जांच का काम अंतिम चरण में है। इसके बाद परिणाम समिति की बैठक होगी. जिसमें रिजल्ट जारी करने की अंतिम तारीख तय की जाएगी।

इस बार छात्रों की सुविधा के लिए एक नई व्यवस्था भी लागू की जा रही है. सभी स्कूलों को अलग पोर्टल और पासवर्ड दिए जाएंगे। जिससे छात्र अपने स्कूल में ही आसानी से रिजल्ट देख सकेंगे।

# पंकू हत्याकांड में फिरौती मांगने वाला ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि क्षेत्र से सामने आए मासूम हत्याकांड ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। ग्राम बाड़व निवासी मासूम पंकू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अब इस मामले में एक नया मोड़ सामने आया है, जहां पुलिस ने फिरौती के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पंकू पुत्र विजय लाल बीते 11 दिनों से लापता था। परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन काफी खोजबीन के बाद बच्चे का शव घने जंगल में बरामद हुआ। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी व्याप्त है।

इसी बीच जांच के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। जब परिजन अपने बच्चे की तलाश में इधर-उधर भटक रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने खुद को मददगार बताते हुए बच्चे को ढूंढने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने इसके एवज में 2500 रूपए की मांग की, जिसे दुखी पिता ने उम्मीद में आकर

## मामले में आया नया मोड़, पुलिस की पूछताछ जारी

भेज दिया। बाद में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने केवल ठगी की थी।

पुलिस ने मोबाइल ट्रेसिंग के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। उससे गहन पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि आरोपी की भूमिका केवल ठगी तक सीमित है या वह इस पूरे मामले में किसी अन्य तरीके से भी जुड़ा हुआ है। वहीं, बच्चे के शव का पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच कराई जा चुकी है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मामले में कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर मानवता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग तेज हो गई है। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 1905 पर लंबित शिकायतों के निस्तारण को चलाएं अभियानः सीएम

## सीएम हेल्पलाइन पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन-1905 पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को फोर्स क्लोज करने के मामलों में जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष या संबंधित सचिव की संस्तुति के बिना किसी भी स्तर पर फोर्स क्लोज की कार्रवाई न की जाए। शुक्रवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने ये निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पर्याप्त कार्यवाही किए यदि कोई अधिकारी शिकायत को फोर्स क्लोज करता है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन-1905 केवल एक दूरभाष संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए



## सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक आयोजित

कि हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित होने तक किया जाए।

उन्होंने शासन के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों तथा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा बैठक आयोजित कर उनके शीघ्र समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्राप्त प्रत्यक्ष शिकायत की तरह गंभीरता से लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी स्तर पर प्रत्येक सप्ताह तथा विभागीय सचिव स्तर पर प्रत्येक माह में कम से कम दो बार शिकायतों की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की सफलता का वास्तविक आकलन तभी संभव है, जब शिकायतकर्ता यह अनुभव करें कि सरकार ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनका फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा उच्च स्तर पर शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री (सीएम) हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये ए.आई. डेटा संचालन एवं शिकायत प्रबन्धन पर ध्यान दिया जा रहा है।

बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रुहेला, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, दिलीप जावलकर बृजेश कुमार संत, डॉ. पंकज कुमार पांडे, चंद्रेश यादव, एस एन पाण्डेय, रंजीत सिन्हा, विनोद कुमार सुमन, सी. रविशंकर, रंजना राजगुरू, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव आलोक पांडे, महा. निदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली एवं अन्य अधिकारी तथा समस्त जनपदों से जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने अधिकतम जन शिकायतों का निस्तारण करने वाले अधिकारियों से की वार्ता

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकतम शिकायतों का निस्तारण करने वाले अधिकारियों से वार्ता कर ऐसे अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें सभी के लिए प्रेरणाश्रोत बताया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग, उत्तरकाशी में कार्यरत अधिशासी अभियंता मनोज गुसाई और ऊर्जा विभाग, पौड़ी में कार्यरत अधिशासी अभियंता अभिनव रावत से वार्ता की तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर की बात

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से भी वार्ता की। इसी क्रम में उन्होंने देहरादून की विना ढींगरा की समस्या सुनी। विना ढींगरा ने बताया कि वो मार्च 2023 में सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। जिसके बाद से उन्हें एनपीएस पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 2 दिन के भीतर उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बीना ढींगरा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। हरिद्वार के तरुण सिंह ने पानी निकासी की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से जुड़े हरिद्वार के जिला अधिकारी को तुरंत समस्या के समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देहरादून जिले के सुरेंद्र कुमार नागपाल से भी वार्ता की। सुरेंद्र कुमार नागपाल ने बताया कि सहस्त्रधारा रोड स्थित उनके आवास में स्ट्रीट लाइट विगत दिनों से खराब थी, जिस पर उन्होंने 1905 पर शिकायत की। नागपाल ने बताया कि अगले ही दिन उनकी समस्या का समाधान हो गया, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# चारधाम यात्रा 2026ः पुलिस ने तैयार किया मास्टर प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है. यात्रा को उत्तराखंड पुलिस ने तैयारी करने में जुटी हुई है. चारधाम यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने चारधाम यात्रा मार्ग को 16 सुपर जोन, 43 जोन और 149 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में जनपद पुलिस के साथ-साथ पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही एसडीआरएफ,एटीएस, बीडीएस और जल पुलिस की टीमों की भी तैनाती की गई है।

बता दें चारधाम यात्रा-2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के संबंध में गढ़वाल पुलिस की तैयारियों के संबंध में आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने जानकारी दी। आईजी

## ड्रोन से होगी निगरानी, चौबीस घंटे होगी मॉनिटरिंग

गढ़वाल ने बताया इस साल की यात्रा को पिछले अनुभवों के आधार पर अधिक डिजिटल, सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया गया है. यात्रा की 24×7 मॉनिटरिंग के लिए सरदार पटेल भवन में एक अत्याधुनिक श्चारधाम कंट्रोल रूमश स्थापित किया गया है।

सुरक्षा के मद्देनजर से संपूर्ण यात्रा मार्ग को 16 सुपर जोन, 43 जोन और 149 सेक्टरों में विभाजित किया गया है. सुरक्षा व्यवस्था में जनपद पुलिस के साथ-साथ पीएसी,होमगार्ड और पीआरडी के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही एसडीआरएफ,एटीएस, बीडीएस और जल पुलिस की टीमों की भी तैनाती की गई है। साथ ही चारों धामों में और यात्रा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं. भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जाएगा।इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल और हॉल्टिंग पॉइंट बनाए गए हैं। यहां यात्रियों के ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। यातायात सुचारू रखने के लिए मार्गों पर बॉटल नेक, ब्लैक स्पॉट और लैंडस्लाइड जोन चिन्हित कर वहां विशेष प्रबंध किए गए हैं. यात्रियों की सुविधा के लिए कुल ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र (हरिद्वार, देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी) संचालित किए जा रहे हैं।आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही हेली सेवा की बु. कंग और पंजीकरण कराएं।

# ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में गिरा, एक लापता, दूसरा घायल

**टिहरी।** नैनबाग-दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर यमुना पुल मसूरी बैंड के समीप हादसा हो गया। विकासनगर से जखोल की ओर सरकारी राशन लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे यमुना नदी में जा गिरा।

हादसे के समय ट्रक में दो लोग सवार थे। घटना में एक व्यक्ति लापता हो गया है, जबकि चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए नैनबाग लाया गया। चौकी प्रभारी नैनबाग रामनरेश शर्मा ने बताया कि ट्रक खाद्यान्न से भरा हुआ था और अचानक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। लापता व्यक्ति की तलाश के लिए सर्च अभियान जारी है।

घायल चालक की पहचान उदय सिंह (27 वर्ष), पुत्र गगन सिंह, निवासी त्यूनी, उत्तरकाशी के रूप में हुई है।

# सूबे के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में संचा. लित राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं, आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही विभाग ने पॉलिटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को बीटेक पाठ्यक्रमों में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु लैटरल एंट्री की भी सुविधा प्रदान की है।

प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मुकेश पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि पॉलिटेक्निक चलो अभियान-2026 के तहत युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया

## आगामी 15 मई तक छात्र कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

## बीटेक पाठ्यक्रमों में लैटरल एन्ट्री से द्वितीय वर्ष में मिल सकेगा प्रवेशः मुकेश पाण्डे

संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई 2026 तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलिटेक्निक) में प्रतिभाग कर सके। इसके साथ ही विभाग ने पॉलिटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बीटेक पाठ्यक्रमों में लैटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश की सुविधा भी प्रदान की है, इसके अलावा 12वीं अथवा आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों को भी सीधे द्वितीय वर्ष मे प्रवेश दिया जायेगा। छात्राओं के लिये प्रत्येक वर्ग में 30 फीसदी आरक्षण का भी प्रावधान है।



प्रदेश के अधिक से अधिक युवा तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिये पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सभी छात्र-छात्राओं से अपील है कि वह निर्धारित समयावधि के भीतर विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर, पॉलिटेक्निक की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करें। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा तकनीकी रूप से सक्षम बने और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

**- डॉ. धन सिंह रावत, तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

### 40 डिप्लोमा स्तरीय रोजगारपरक कोर्स में प्रवेश के मौके

संयुक्त सचिव मुकेश पाण्डे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति अभ्यर्थियों के लिए केमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजी. नियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स, कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्किंग तथा फार्मेसी सहित 40 डिप्लोमा स्तरीय रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं।

# विजन के साथ विकास हमारी प्राथमिकताः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई आगामी 05 वर्षों ( 2026 - 2031 ) के कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी 05 वर्षों के विजन पर आधारित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया जाना सराहनीय पहल है। यह पुस्तिका राज्य में बुनियादी ढांचे को विकसित करने, सशक्त और सुरक्षित, भविष्य को सुनिश्चित करने का मार्ग है। उन्होंने कहा राज्य में विकास की संभावनाओं एवं विकसित भारत 2047 के संकल्पों को पूरा करने में यह मास्टर प्लान पुस्तिका अहम भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य तेजी से गए



## मुख्यमंत्री ने किया लोक निर्माण विभाग की मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन

बढ़े हैं। बीते सालों में राज्य में व्यापक स्तर पर सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में नवाच. ार को प्राथमिकता दे रही है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा संकल्प है कि राज्य को तय लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ाया जाए और विजन के साथ विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड राज्य, पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है, ऐसे में पर्यटकों की आवश्यकताओं को देखते हुए हम विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य में टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा यह पुस्तिका निश्चित ही राज्य को आगे बढ़ाने का विजन तय करेगी।इस दौरान उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, प्रमुख अभियंता राजेश चन्द्र शर्मा, मुख्य अभियंता रणजीत रावत, राजेन्द्र सयाना, अधीक्षण अभियंता मनोज बिष्ट, अरूण पाण्डेय, अधिशासी अभियंता बी.एन द्विवेदी, राजेश कुमार, नीरज त्रिपाठी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद महत्वपूर्णः महाराज

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि लोक निर्माण विभाग स्पष्ट विजन के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम राज्य में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद महत्वपूर्ण है, जिसपर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### मास्टर प्लान पुस्तिका में 100 से अधिक प्रोजेक्ट के विजन को रखा गया : डॉ. पंकज

सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मास्टर प्लान पुस्तिका में 100 से अधिक प्रोजेक्ट के विजन को रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता अनुसार पुस्तिका में संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया पुस्तिका में रोड कनेक्टिविटी इकनॉमी हब कनेक्टिविटी , ब्रिज डेवलपमेंट एवं सेफ्टी, सड़क सुरक्षा एवं स्लोप प्रोटेक्शन, टेक्नोलॉजी, वित्तीय प्रबंधन एवं पॉलिसी जैसे विभिन्न प्राथमिकताओं पर विभाग का विजन रखा गया है।

# किसी भी राज्य सरकार को यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का अधिकार नहींः डॉ. कासिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य में समान नागरिक संहिता को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है. समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विरोध किया है। बोर्ड के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यह किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ी आपत्ति इस बात पर है कि किसी भी राज्य सरकार को यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। केंद्र सरकार को भी यह अधिकार इस शर्त के साथ दिया गया है कि केंद्र सरकार आम सहमति बनाने के बाद ही इसे लागू कर सकती है। इसी सिद्धांत के तहत 21 वें और 22 वें विधि आयोग ने जनमत आमंत्रित किया था. 21 वें विधि आयोग के समक्ष ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने उपस्थित होकर न केवल इसका विरोध किया था बल्कि अपने तर्क लिखित रूप में भी आयोग को प्रस्तुत किए थे। जिसके परिणाम स्वरुप आयोग ने स्पष्ट कहा था कि वर्तमान परिस्थितियों में समान नागरिक संहिता की कोई जरूरत नहीं है। इसी तरह 22 वें विधि आयोग की तरफ से अब तक कोई अंतिम सिफारिश सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा इस कानून को लेकर स्वाभाविक रूप से गंभीर संवैधानिक कानूनी और लोकतांत्रिक आपत्तियां हैं।



# भालू का शव मिलने से वन विभाग में खलबली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रेंज के वन बीट में शुक्रवार को एक भालू का शव मिलने से वन विभाग में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और वन प्रेमी मौके पर पहुंचे। भालू के शव को कब्जे में लेकर कालाढूंगी वन विश्राम गृह लाया गया, जहां डाक्टरों की एक टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया। रामनगर एसडीओ कामिनी आर्य ने बताया कि सफारी जोन से गुजरने वाली एक गाड़ी में तैनात गार्ड ने वन विभाग को सूचना दी कि जंगल में नदी के पास एक भालू का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को 100 वाहन के माध्यम से कालाढूंगी लाया गया। यहां पर नैनीताल से आए चिकित्सा विशेषज्ञ हिमांशु पंक्ति और राहुल सती ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि भालू की मृत्यु पेड़ से गिरने के कारण हुई प्रतीत होती है, लेकिन असल कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। भालू की लंबाई 176 सेंटीमीटर और उम्र लगभग 10 वर्ष बताई जा रही है। शव के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। इस दौरान वन विभाग से उप रेंजर वीरेंद्र बिष्ट समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



# सामाजिक समरसता पर भाजपा का फोकस

## डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विचारधारा और सामाजिक समरसता फैलाने का आह्वान। पातालदेवी स्थित कार्यालय में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सह प्रभारी दीपिका बोहरा ने डा. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा उनके विचारों से ही सशक्त हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया। वहीं, जिला मंत्री रेखा आर्य ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर उसके मूल सिद्धांतों-सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि डा. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान अवसर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान नेतृत्व में उनके सपनों को साकार करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र आगरी ने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर समरसता और संविधान के मूल्यों को प्रसारित करने की अपील की। संचालन दर्शन रावत एवं प्रकाश भट्ट ने संयुक्त रूप से किया। यहां मेयर अजय वर्मा, रघुनाथ सिंह चौहान, रमेश बहुगुणा, किरण पंत, पूनम पालीवाल, रवि रौतेला, बिट्टू कर्नाटक, संदीप श्रीवास्तव, हरीश कनवाल, धर्मेंद्र बिष्ट, राजीव गुरुरानी, मनोज जोशी, मनीष जोशी, जगदीश नगरकोटी, सौरभ वर्मा, सुनील बिष्ट, मदन बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, अमित शाह मोनू, कमला तिवारी, भावना रावत, पूजा मेहता, दीपा जोशी, भावना पांडे, गीता जोशी, मीरा मिश्रा, रेखा आर्य, किरण, निशा बिष्ट, पंकज भाकुनी, चंदन बहुगुणा, नीरज सांगा, राजू धानिक, अशोक जलाल, शुभम रौतेला, गौरभ भंडारी, दिव्या जोशी, निकेश बिष्ट, मोहित बिष्ट, चंद्र शेखर, रोहित भोज, पारस कांडपाल, कोमल जोशी, आशीष डोगरा, खजान पांडे, अभिषेक तिवारी, नितिन भंडारी, पुष्कर बिष्ट, राजेश तिवारी, अमित मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पीजी कॉलेज में नए विद्यार्थियों का दीक्षारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पीजी कालेज रानीखेत में यूओयू के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रक्रियाओं, परीक्षा प्रणाली, काउंसलिंग एवं अध्ययन सामग्री से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का संचालन सह-समन्वयक डा. पंकज प्रियदर्शी द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय निदेशक डा. जेएस रावत ने विद्यार्थियों को प्रवेश, परीक्षा, असाइनमेंट एवं काउंसलिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से विवि की गति. विधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सहायक क्षेत्रीय निद. ेशक रूचि आर्या ने विवि की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रमों, अध्ययन प्रणाली एवं ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में कार्यालय सहायक उमा शंकर नेगी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई। साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट, स्टूडेंट वन व्यू, परीक्षा परिणाम देखने की प्रक्रिया एवं अध्ययन सामग्री प्रेषण (बुक्स डिस्पैच) की जानकारी प्रायोगिक रूप से प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में बीए एवं एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन काउंसलिंग सत्रों में सहभागिता की अनिवार्यता, एबीसी आईडी एवं डीईबी आईडी बनाने की प्रक्रिया तथा यूट्यूब चैनल के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। अंत में विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भरवाया गया, जिसमें कार्यक्रम को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान किया गया।




## दर्जा मंत्री गोविंद पिलख्वाल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल का शुक्रवार को चितई, पेटशाल, बाडेछीना और धौलछीना में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा और गोविंद के समर्थन में नारे लगाए। साथ ही उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। मौके पर दर्जा मंत्री पिलख्वाल ने कहा कि सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसकी पूरी निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। कहा कि पार्टी में हर किसी का सम्मान है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी। पिलख्वाल ने पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि पार्टी ने उनकी मेहनत को सम्मान दिया। भविष्य में भी वह पूरी तरह समर्पित होकर पार्टी हित में कार्य करते रहेंगे। साथ ही सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है। इसका वह आम जन के कल्याण के लिए काम करेंगे। यहां पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख मीना, मंगल सिंह रावत, सियाल टम्टा, मंजू टम्टा, भगवत आर्या, चंदन सिंह, रवि नेगी, बलदेव आर्या, दिनेश कुमार, बच्ची राम, हेमंत तिलारा, राजेंद्र बिष्ट, भगवत सिंह, गोपाल सिंह, बालम सिंह, गोविंद सिंह, शिवराज सिंह, हरीश बनौला, माया नेगी, राधा नेगी, सुरेश राम आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### 8.09 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कुण्डा कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों युवक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को स्मैक समेत न्यायालय में पेश कर दिया है। कोतवाली के दरोगा गणेश दत्त भट्ट उत्तर प्रदेश के बॉर्डर ठाकुरद्वारा क्षेत्र के नजदीक ढाडी नदी के पुल के पास चेकिंग कर रहे थे कि ठाकुरद्वारा दिशा से आ रहे एक बाइक पर दो युवकों को रोका, पुलिस ने उनकी तलाशी ली, तलाशी के दौरान ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मनिहारन फतेह उल्लाह गंज निवासी समीर खान पुत्र कदीर खान के पास से 4.09 ग्राम एवं वहीं के निवासी अजीम पुत्र नफीस से 4.00 ग्राम हीरोइन स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए दोनों युवको ने बताया कि वह नशा करते हैं तथा इसी दौरान नशे के लिए अन्य लोगों को बेचने के लिए वह उक्त स्मैक ठाकुरद्वारा से काशीपुर ला रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

### बार एसोसिएशन ने मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा आज बार एसोसिएशन के सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर बोलते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ऐसा संविधान दिया जिससे पूरे विश्व ने सीख ली। संचालन कर रहे बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि महामानव डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में ऐसे मोती पिरोए हैं जो हमें एक सूत्र में बांधे हुए हैं। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विधु शेखर शर्मा, अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, राकेश प्रजापति, प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीति शर्मा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अब्दुल सलीम, आनंद रस्तोगी, कश्मीर सिंह, उमेश जोशी, भास्कर त्यागी, अंकित त्यागी, विवेक मिश्रा व रोहित नायक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### फुटबॉल में बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**बागेश्वर।** खेलो इंडिया अभियान के तहत नुमाइश खेत मैदान में अंडर-16 बालिका वर्ग की अस्मिता फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी किरन नेगी द्वारा किया गया। पहले मुकाबले में जिम कार्बेट इंटरनेशनल और आनंदी एकेडमी आमने-सामने रहीं, जिसमें जिम कार्बेट की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बागनाथ फुटबॉल क्लब ने आनंदी एकेडमी को 2-1 से हराया। वहीं तीसरे मुकाबले में बागनाथ फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिम कार्बेट टीम को 1-0 से पराजित किया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव नीरज पांडे ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी बालिकाओं ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुंदर रावल, सचिव ललित कनवाल, कविता खेतवाल, किशोर कुमार, दिलीप मेहरा, विजय रावत और महिपाल गड़िया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

**बागेश्वर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर, चौरासी में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब दो सौ महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा बागेश्वर की जिला अध्यक्ष रेखा गोस्वामी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में दीपा आर्या और विनीता ने अधिनियम के प्रावधानों और महिला सशक्तिकरण में इसकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में भाजपा बागेश्वर अध्यक्ष प्रभा गड़िया, विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत सदस्य अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लॉक प्रमुख दीपा देवी व भावना शाही, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, खड़क सिंह टंगढिया, आदर्श कठायत और संजय पारिहार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता टम्टा ने किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, एनआरएलएम समूह, स्वयं सहायता समूह, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों सहित समाज की अनेक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सम्मेलन के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार के लिए निष्ठा शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

### पड़ोसी पर गाली-गलौज का आरोप

**बागेश्वर।** जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में कोतवाली बागेश्वर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मंडलसेरा निवासी शिव कुमार पुत्र मोती राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता मोती राम और पड़ोसी कुंदन राम के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे पड़ोसी ने शिव कुमार और उनकी मां के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी बताया कि घटना की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग उनके पास साक्ष्य के रूप में मौजूद है। उन्होंने पुलिस से अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। इधर, पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कंपनी कर्मचारी से मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सड़क के डामरीकरण के दौरान दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। मामले पुलिस ने पीड़ित कंपनी के कर्मचारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार दान सिंह, निवासी बाड़ेछीना ने दन्या थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह खेती-धूरा मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य में वर्क एजेंट के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर मनीष पांडे ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उन पर पावड़ी से एकाएक हमला कर दिया। जिससे उनके शरीर में गहरी चोटे आई है। वहीं, जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

## देवेन्द्र ढोंडियाल करणी सेना में शामिल



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ढोंडियाल ने करणी सेना की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने भाजपा से अपनी राहें अलग करते हुए कहा कि पार्टी अब अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है और इसके कार्यकलापों में विचारधारा की कमी दिख रही है। देवेंद्र ढोंडियाल ने भाजपा के साथ चार बार कोटाबाग मंडल अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था, लेकिन अब वे करणी सेना के साथ जुड़कर संगठन के लिए काम करने का संकल्प ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा अब भाजपा अपने सिद्धांतों से पीछे हट रही है, और इससे प्रभावित होकर मैंने करणी सेना की सदस्यता ली है। मैं पूरी ऊर्जा के साथ संगठन के लिए कार्य करूंगा। कार्यक्रम के दौरान करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी और प्रदेश महामंत्री गंगा सिंह सामंत ने देवेंद्र ढोंडियाल को सदस्यता ग्रहण करवाई।

# महिला मोर्चा ने निकाली स्कूटर रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नारी शक्ति वंदन अधि. नियम के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा नैनीताल के नेतृत्व में भव्य

### हल्द्वानी में नारी शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन

स्कूटर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती के नेतृत्व में हुआ और इसका उद्देश्य नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देना था। रैली का शुभारंभ उत्थान मंच से हुआ और यह एमबी इंटर कालेज तक निकाली गई। रैली का समापन भाजपा संभाग कार्यालय में हुआ। महिलाओं ने स्कूटर चलाकर और तिरंगा लहराकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और यह संदेश दिया कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण अब हर स्तर पर प्राथमिकता होनी चाहिए। रैली में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने न केवल अपने संगठन के प्रति उत्साह दिखाया, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रैली में मुखानी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष गंगा साह, मंडल प्रभारी दीप्ति चुफाल, जिला मंत्री शीला लोशाली, मंडल महामंत्री पूनम भगत, मंडल उपाध्यक्ष विद्या जोशी, मंडल मंत्री सपना मकवाना, मीडिया संयोजक रश्मि सनवाल, सोशल मीडिया संयोजक दिशा चौधरी, सोनी सिंह, श्रेया साह, गीता गोनिया, सुधा जोशी, नीमा सिंह, कृतिका सहित कई महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# महाराजा अग्रसैन पर की गई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं: आशीष गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वैश्य समाज ने जसपुर विधायक पर मूर्ति विवाद को लेकर वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। अनन्या होटल में वैश्य समाज द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में संरक्षक आशीष गुप्ता ने आरोप लगाया कि जसपुर विधायक की एक महापुरुष के लिए अशोभनीय टिप्पणी समाज को बांटने के लिए कहीं न कहीं राजनीति चमकाने के लिए सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज सदैव से जितना मान, सम्मान महाराजा अग्रसेन के प्रति अपने हृदय में रखता है, उतना ही मान सम्मान महारानी लक्ष्मीबाई और अन्य महापुरुषों के लिए रखता है। उद्यमी देवेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारा सनातन समाज प्रारंभ से ही विश्व बंधुत्व की बात करता है। उद्योगपति योगेश कुमार जिंदल ने कहा कि पहले जन प्रतिनिधि महाराजा अग्रसेन और महारानी लक्ष्मीबाई को पढ़ें और उनके इतिहास को समझें, फिर अपने वक्तव्य दें। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासंघ कुमाऊं मंडल अध्यक्ष शक्ति प्रकाश अग्रवाल जैन, समाज अध्यक्ष योगेश जैन ने रोष व्यक्त किया। वार्ता के दौरान संरक्षक एसपी गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल, देवेंद्र जिंदल, शक्ति अग्रवाल, सनत पैगिया, नगर अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, मनोहर गुप्ता, शरद गुप्ता, कपिल अग्रवाल, केसी बंसल आदि मौजूद रहे।



# सूपी इंटर कालेज में गणित भौतिकी शिक्षक का अभाव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कालेज सूपी में गणित और भौतिक विज्ञान के शिक्षकों की कमी से छात्र-छात्राएं गंभीर समस्या झेल रहे हैं।

शिक्षक न होने का सीधा असर यहां अध्ययनरत करीब 40 विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। इसी मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांतिदल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि इंटर कालेज सूपी में गणित और भौतिक विज्ञान के शिक्षक न होने से छात्रों का भविष्य अंधक. ारमय होता जा रहा है। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ये दोनों विषय बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिनके बिना उनकी पढ़ाई अधूरी है। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि इंटर के बाद आईआईटी और नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। वर्तमान में विद्यालय में केवल रसायन विज्ञान का शिक्षक ही तैनात है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों का वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्रों के सामने मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। प्रदर्शन करने वालों में यूथ प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष वरुण चंदोला, संजय कुमार, राहुल मिश्रा, मनोज चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेयर ने किया सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सभी सड़कों का निर्माण कर गड्ढा मुक्त काशीपुर बनाने के संकल्प के तहत महापौर दीपक बाली ने वार्ड 23 अल्ली खां पश्चिमी में 41 लाख 97 हजार की लागत से बनने वाली 2 सड़कों और वार्ड 37 पक्काकोट पूर्वी में 1 करोड़ 2 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाली 6 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

सड़कों का शिलान्यास करने पहुंचे महापौर दीपक बाली का वार्डवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान महापौर दीपक बाली ने कहा कि काशीपुर क्षेत्र की कोई भी सड़क बगैर बनी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों में जनता से सहयोग मांगा और सफाई के मामले में उन्होंने कहा कि जब तक जनता जागरुक होकर साथ नहीं देगी तब तक कितने भी प्रयास कर लो शहर साफ नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा काशीपुर हमारा अपना शहर है इसलिए आओ सभी मिलकर इसे साफ स्वच्छ और सुंदर बनाएं। इस अवसर पर पार्षद वैशाली गुप्ता, रवि प्रजापति, नजमा बेगम, मोनिश आशी, शक्ति केंद्र संयोजक शराविया बेगम, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजेंद्र सैनी, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष नसरीन, योगेश कुमार सक्सेना, नरेंद्र कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## 12 सूत्री मांगों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल का ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं ने तहसील कालाढूंगी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान हेतु एसडीएम बिपिन पंत को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 12 सूत्री मांगें शामिल थीं, जिनमें ग्राम विदरामपुर/प्रतापपुर में 30 वर्षों से अधिक समय से रह रहे भूतपूर्व सैनिकों और किसानों को उनकी काबिज काश्त भूमि पर मालिकाना हक देने की मांग की गई। इसके अलावा, कालाढूंगी में मुन्सिफ कोर्ट, कृषि मंडी समिति, रोडवेज बस अड्डा, और शहर में वाहन पार्किंग की स्थापना की मांग की गई। ज्ञापन में 1950 से काबिज परिवारों को मालिकाना हक देने, सशक्त भू-कानून लागू करने और आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु पशुशाला निर्माण की मांग की गई। कालाढूंगी में स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक मशीनों और स्टाफ की नियुक्ति, मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने हेतु नीति बनाने, और चकलुवा क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की भी मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल, रवि बोरा, प्रमोद जोशी, मनोज बिष्ट, आकाश बोरा, विनय जोशी, विपिन बधानी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## चारधाम ड्यूटी का यात्रा भत्ता भुगतान की मांग

**अल्मोड़ा।** चारधाम ड्यूटी का यात्रा भत्ता समेत कई मांगों को लेकर फार्मेसी अधिकारियों का विरोध जारी है। शुक्रवार को भी फार्मेसी अधिकारियों ने बाह में काला फीता बांध कार्य किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया। मौके पर फार्मेसी अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो वर्षों से उन्हें चारधाम ड्यूटी का यात्रा भत्ता नहीं मिला है। बार-बार मांग के बावजूद भी उनको उनका यात्रा भत्ता नहीं दिया जा रहा है। जिससे अधिकारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि फार्मेसी अधिकारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपने ही हक के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। यहां प्रदर्शन करने वालों में जीएस कोरंगा, सुमन चम्याल, पवन जोशी, डीके पांडेय, श्याम लाल, जेएस देवड़ी, जेएस मनराल, श्वेता शैली, गुंजन वर्मा, पंकज और प्रकाश थे।

# गरीब कन्या का कराया विवाह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्री कायस्थ सभा, काशीपुर द्वारा संचा. लित श्री चित्रगुप्त कन्यादान योजना के अंतर्गत प्रथम लाभार्थी कन्या का विवाह सम्पन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रथम आवेदन के पश्चात संस्था संरक्षक अशोक कुमार सक्सेना के नेतृत्व में संस्था की जांच समिति द्वारा संबंधित जरूरतमंद परिवार के निवास पर जाकर विस्तृत सत्यापन किया गया था। जांच उपरांत कार्यकारिणी आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई तथा विवाह हेतु सभा भवन उपलब्ध कराया गया। विवाह समारोह के अवसर पर संस्था की ओर से कन्या को 5100 की धनराशि के चेक के अतिरिक्त संस्था के सहयोगियों के योगदान से कन्या को गृहस्थी हेतु आवश्यक उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं।

इस पुनीत कार्य में एके माथुर, संजय सक्सेना, गीता सक्सेना, वीरेंद्र प्रकाश सक्सेना, अश्वनी भटनागर, बबीता सक्सेना, राहुल शर्मा, पवन बंसल, अमित कुमार गुप्ता आदि ने सहयोग किया। संस्था अध्यक्ष अभिताभ सक्सेना एडवोकेट ने सभी सहयोगियों आभार व्यक्त किया। संस्था के सचिव राजेश कुमार सक्सेना ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई जरूरतमंद परिवार हो, तो वे उसे श्री कायस्थ सभा काशीपुर तक पहुंचाएं। इस दौरान संस्था संरक्षक मुकेश सक्सेना एडवोकेट, संजय सक्सेना, सुनीता सक्सेना, कविता सक्सेना, अपूर्व चित्रांश एडवोकेट, देवम सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



## आईएमटी में 'हेल्थ गाइड फॉर गर्ल्स' विषय पर टॉक शो

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में डॉ. नवप्रीत कौर सहोता द्वारा संस्थान की छात्राओं की सेहत से संबंधित एक टॉक शो में उनके स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि डॉ. सहोता ने संस्थान की यूजी, पीजी एवं विधि की छात्राओं को उनके स्वास्थ्य संबंधित बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। आज के भागम-भाग भरे दौर में महिलाएं एवं युवतियां अपने को किस प्रकार स्वस्थ रख सकती हैं इसके बारे में उन्होंने बहुत सारे उपाय एवं उपचार भी बताएं। डॉ. निमिषा ने बताया कि यह टॉक शो इनर व्हील क्लब काशीपुर के द्वारा विशेष रूप से आयोजित किया गया था। इससे पूर्व टॉक शो का शुभारंभ इनव्हील क्लब काशीपुर की अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल एवं डॉ. नवप्रीत कौर सहा. ेता ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्व. गुड़ियाजी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन शिप्रा शर्मा द्वारा किया गया।



# जलभराव की समस्या ना हो, मेयर गजराज वार्ड भ्रमण पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



पहले चरण में मेयर ने वार्ड 43 स्थित जय दुर्गा कक्क्लोनी और रकसिया नाला क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां एडीबी अधिकारियों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में नाला स्फाई, जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। मेयर ने बरसात से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि जलभराव की समस्या न हो। दूसरे चरण में वार्ड 47 की निलियम कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान सड़कों, जल निकासी और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति परखी गई। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और कार्य तय समयसीमा में पूरे हो। तीसरे चरण में वार्ड 41 स्थित ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पार्षद चंद्रप्रकाश, एडीबी व जल संस्थान के अधिकारियों की मौजूदगी में टैंक की स्थिति का आकलन कर इसके पुनर्निर्माण और उच्च क्षमता की मोटर लगाने का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से ेोन पर वार्ता कर तत्काल निर्देश दिए, जिससे कई मामलों का मौके पर ही समाधान हो गया। इससे क्षेत्रीय जनता को राहत मिली। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि नगर निगम का हर कार्य आमजन की सुविधा के लिए समर्पित है और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाएं कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों का सहयोग के लिए आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहभागिता बनाए रखने की अपील की।

## कार्तिक भाजयुमो के नगर महामंत्री नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के सक्रिय एवं युवा समाजसेवी कार्तिक चौहान को भाजपा युवा मोर्चा का नगर महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के सभी सदस्यों में खुशी का माहौल है।



कार्तिक चौहान लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और उन्होंने विभिन्न जनहित कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। नवनियुक्त नगर महामंत्री कार्तिक चौहान ने कहा मैं संगठन को और मजबूत बनाने और समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करता हूं ताकि हम मिलकर शहर और समाज के विकास के लिए काम कर सकें। संगठन के पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने कार्तिक चौहान को बधाई दी।

# रुद्रपुर से लौट रहे पुलिसकर्मी को डंपर ने कुचला, हालत नाजुक

## बेलबाबा के पास सड़क हादसे में बुरी तरह चोटिल हुए पुष्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार की रात रुद्रपुर की फारेंसिक साइंस लैब से रिपोर्ट लेकर वापस लौट रहे एक पुलिस कर्मी को रामपुर रोड बेलबाबा मंदिर के पास तेज गति से आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। जहां पर अभी भी पुलिस कर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले पुष्कर सिंह रौतेला बिठौरिया में अपने परिवार के साथ रहते है और टीपीनगर पुलिस चौकी में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार की सुबह वह पुष्कर रौतेला रुद्रपुर की फारेंसिक साइंस लैब से रिपोर्ट लेने गए थे। देर शाम वह अपनी बाइक से रिपोर्ट लेकर रूद्रपुर से वापस हल्द्वानी लौट रहे थे जैसे ही वह बेलबाबा मंदिर के पास पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे एक डंपर ने ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही बाइक पर टक्कर मार दी। जिसमें पुलिस कर्मी पुष्कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जमीन में खून से लथपथ पड़े पुलिस कर्मी को आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें न्यूरो ओटी में भर्ती किया गया। अस्पताल में उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल सहित अन्य पुलिस अधिकारी और फोर्स अस्पताल पहुंच गई। एसएसपी ने न्यूरो ओटी रूम में किट पहन प्रवेश किया और रुद्रपुर से पहुंचे डॉक्टर को हर संभव प्रयास करने की अपील की। घटना के दौरान पुलिसकर्मी के सिर पर हेलमेट भी था। लेकिन उसे भी डंपर ने बुरी तरह कुचल दिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है, और पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिसकर्मी की पत्नी यहां बदहवास हो गई। बताया जा रहा कि एसटीएच के न्यूरोसर्जन डा. अखिलेश जोशी समेत निजी अस्पताल से न्यूरो सर्जन डा. अजय बजाज को बुलाया गया। इसके साथ ही सर्जरी विभाग से लेकर एनेस्थीसिया की टीम खबर लिखे जाने तक इलाज में जुटी रही। वहीं एसटीएच के चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने बताया कि घायल का दाहिना हाथ पूरी तरह अलग कर दिया गया है। सिर की हड्डियां गंभीर रूप से चोटिल हैं। घायल को लगातार ब्लड की जरूरत पड़ रही है। घायल को बेहतर उपचार दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## विधायक के बेटे को बेची गई सरकारी भूमि, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के बेटे विकास भगत को सरकारी भूमि बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित विकास की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार विकास भगत ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उन्होंने 30 मार्च 2012 को ग्राम नंदपुर के खीमानन्द उनके बेटे नवीन चंद्र और दो भाइयों मोहन चंद्र और उमेश चंद्र से कुल 6601.10 वर्ग फीट भूमि खरीदी थी। इस भूमि पर विकास भगत ने काबिज होकर कुछ हिस्से को अन्य लोगों को भी बेच दिया। हालांकि भूमि को लेकर कुछ संदेह उत्पन्न होने के बाद उन्होंने इसकी जांच के लिए 17 मार्च 2020 को एडीएम नैनीताल और एसडीएम हल्द्वानी को पत्र भेजा। जांच में यह सामने आया कि विक्रेताओं ने सरकारी भूमि जिसमें सिंचाई गूल और सार्वजनिक सड़क का हिस्सा भी था, उसे इस भूमि में शामिल कर दिया था। इसके बाद विक्रेताओं ने इसे निजी भूमि बताकर विकास भगत को बेच दिया। प्रशासन और सिंचाई विभाग की जांच के बाद इस अतिक्रमित सरकारी भूमि को वापस कब्जे में लिया गया, जिससे विकास भगत द्वारा खरीदी गई भूमि का क्षेत्रफल कम हो गया। इस नुकसान के कारण उन्हें लाखों का घाटा हुआ है। इस मामले में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस ने विक्रेताओं के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में एक ही परिवार चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# स्टेट हाइवे के गड्ढे जल्द भरे जाएं: रावत

## कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी-रुद्रपुर सड़क का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी-रूद्रपुर स्टेट हाइवे का निरीक्षण किया और रेलवे क्रॉसिंग टांडा मार्ग पर सड़क मरम्मत कार्य ना होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने मौके पर उपस्थित ब्रिडकुल विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली और पाया कि रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो वाहनों के आवागमन में समस्या पैदा कर रहे हैं और दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। ब्रिडकुल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हॉटमिक्स का कार्य उनके विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है,



लेकिन रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क मरम्मत का कार्य रेलवे द्वारा किया जाना है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि रेलवे द्वारा ठेकेदार का चयन नहीं किया गया है, जिसके कारण सड़क मरम्मत का कार्य लंबित है। इस पर कुमाऊं आयुक्त श्री रावत ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रेलवे से अना. पत्ति प्राप्त कर शीघ्र ही रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क में हुए गड्ढों को भरकर सड़क की मरम्मत करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य तत्काल पूरा किया जाए ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके और नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। दीपक रावत ने लोनिवि को यह भी निर्देश दिए कि हल्द्वानी-रूद्रपुर स्टेट हाइवे का मार्ग शीघ्र ब्रिडकुल से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी नैनीताल को भी इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक ब्रिडकुल संदीप रावत, आरई ब्रिडकुल रोहित नरियाल, मो. आसिफ सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## घर से सिलेंडर चोरी करने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में घर से तीन सिलेंडर चोरी करने वाले शातिर ड्राइवर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर चोरी किए गए तीनों सिलेंडर भी पुलिस ने बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते गली नंबर-3 आदर्श नगर मुखानी निवासी श्वेता क्यूरा पत्नी निखिल सिंह क्यूरा ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर दी थी कि 4 मार्च से 11 अप्रैल के बीच किसी अज्ञात चोर ने घर की बाउंड्री दीवार कूद कर घर की गैलरी में रखे तीन सिलेंडर चोरी कर लिए। सिलेंडर चोरी मामले में पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शातिर चोर की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने युवक की पहचान कर आज शुक्रवार की सुबह उसे चंबलपुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने घर से तीन सिलेंडर चोरी होने की बात कबूल की। पूछताछ के दौरान पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी दमुवादुगा बेड़ीखत्ता काठगोदाम बताया। आरोपी ने बताया कि वह श्वेता क्यूरा के वहां ड्राइवर का काम करता था और उसे घर के आने जाने के सारे रास्ते पता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सिलेंडर को संतोषी माता मंदिर के पास से बरामद किए है। टीम में मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी, एसआई अविनाश मौर्य, कांस्टेबल रोहित, बलवंत सिंह शामिल थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पीएम बधाई के पात्र: कंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह अधि. नियम इतिहास रचने जा रहा है, जिसमें महिलाओं को लोकसभा और राज्यसभा में 33 प्रतिशत (एक-तिहाई) सीटों का आरक्षण मिलेगा। इस कानून से महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व में और अधिक भागीदारी मिलेगी, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसे सितंबर 2023 में पारित किया गया, भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने वाला एक ऐतिहासिक कानून है। यह कानून महिला नेतृत्व को मजबूती देने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। कंचन कश्यप ने कहा कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीति में सशक्त बनाएगा, बल्कि समाज के विकास में भी उनका योगदान सुनिश्चित करेगा। इस कानून से महिला सशक्तिकरण को एक नया दिशा मिलेगा और महिलाओं के अधिकारों को मजबूती मिलेगी।



# यूओयू में हुआ भव्य दीक्षारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी की ओर से नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समन्वयक डा. विशाल शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी एवं अन्य प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, अध्ययन सामग्री एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. गिरिजा पांडे और डा. सुमित प्रसाद ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. जितेन्द्र पांडे ने म्यूकस और कौशल विकास की महत्ता बताई, जबकि डा. राजेश मठपाल ने प्रायोगिक शिक्षण पर बल दिया।



समापन सत्र में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि विश्वविद्यालय की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं और स्व-अध्ययन सामग्री का प्रभावी उपयोग करें। उन्होंने डिजीलॉकर और हेलो हल्द्वानी एफएम जैसे डिजिटल माध्यमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में 110 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑफलाइन भागीदारी की। इस दौरान परिसर में पुस्तक मेले का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. मनीषा पंत, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा. विनय सिंह रावत ने किया। इस दौरान प्रो. गगन सिंह, प्रो. आशुतोष भट्ट, डा. प्रदीप पंत, डा. प्रियंका शर्मा, डा. मनोज पांडे, डा. गोपाल दत्त, कमला राठौर, डा. मीनाक्षी राणा, डा. दीपा बिष्ट, दीपिका रैकवाल आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल की नई टीम तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को गरमपानी इकाई का विधिवत गठन किया। इस अवसर पर पुष्कर सिंह पनोरा को अध्यक्ष, लाखन सिंह टनवाल को महामंत्री और भरत सिंह जलाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने गरमपानी इकाई की विधिवत घोषणा की और पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। मना. नीत अध्यक्ष पुष्कर सिंह पनोरा ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही गरमपानी इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, पंकज सुयाल, रवि गुप्ता, रजत पंत, तारा सिंह भंडारी, मनोज नैनवाल, राजेंद्र सिंह रावत, कन्नू गोस्वामी, पिंकी आर्या, इंदर सिंह रमोला, रीना राठौर सहित मौजूद रहे।



## अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अक्षय तृतीया पर्व इस वर्ष रविवार 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। पंच. ांगों के अनुसार इस दिन सुबह 10 बजकर 49 मिनट तक द्वितीया तिथि रहेगी, इसके बाद तृतीया तिथि प्रारंभ होकर अगले दिन सूर्योदय के बाद सुबह 7बजकर 8 मिनट तक रहेगी। इस कारण पर्व रविवार 19 अप्रैल को ही मनाना निर्विवाद रूप से शुभ माना गया है। इसी दिन भगवान भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई जाएगी, जिससे इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है। पंडित डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर पूजन और खरीदारी का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह साढ़े 11 बजे के बाद रहेगा। इस दिन कृतिका नक्षत्र का विशेष प्रभाव रहेगा, जो धन-धान्य और समृद्धि का कारक माना जाता है। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, हवन-यज्ञ, स्नान-दान तथा नए कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए कार्यों का फल अक्षय कभी समाप्त न होने वाला होता है। इस दिन सोना-चांदी, आभूषण, भूमि और वाहन खरीदना विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार बारह राशियों के लिए इस दिन अलग-अलग वस्तुओं और वाहनों के रंगों का चयन करना शुभ फलदायी होता है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि और उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। खरीदारी का मुहुर्त अभिजित मुहूर्त में अति शुभ रहेगा। सायं साढ़े 4 बजे से 6 बजे तक राहुकाल रहेगा।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते पप्पू गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरगलिया रोड स्थित मजार के पास एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान पप्पू पुत्र असगर खां निवासी इंदि. रानगर छोटी रोड बनभूलपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे की पर्चियां, पेन, गत्ता एवं 1620 नगद बरामद किए हैं।

## सस्ते फल-सब्जियों के लिए मंडी ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फल-सब्जियों की बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए मंडी परिषद ने सख्ती शुरू कर दी है। मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि नई मंडी व्यवस्था के जरिए किसानों को उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को राहत दिलाई जाएगी।

रुद्रपुर स्थित निदेशालय से वर्चुअल बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडी सचिव दिग्विजय सिंह देव ने स्थानीय स्तर पर कार्रवाई तेज कर दी। इसके तहत हल्द्वानी मंडी के सचल दल ने कुमाऊं मंडल की प्रमुख फुटकर सब्जी मंडी मंगलपड़ाव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने फल-सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी दी कि वे उपभोक्ताओं से मनमाने दाम न वसूलें और सरकार की मंशा के अनुरूप उचित दरों पर ही बिक्री करें। अभियान के दौरान करीब एक दर्जन फुटकर विक्रेताओं से लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन भी लिए गए ताकि वे मंडी अधिनियम के तहत व्यवस्थित तरीके से व्यापार कर सकें। डा. अनिल डब्बू ने बताया कि फुटकर बाजार में मूल्य नियंत्रण के लिए नई मंडी स्थल पर पांच फल-सब्जी की दुकानें भी खोली जाएंगी। इससे बाजार में कीमतों पर सीधा नियंत्रण रखा जा सकेगा और आम लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंडी क्षेत्र में यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अनावश्यक मूल्य वृद्धि करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ नागरिकों की आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति हल्द्वानी की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को समिति के कार्यालय पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने की, जबकि संचालन महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से राज्य दर्जा मंत्री नवीन वर्मा मौजूद रहे, और उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रमों को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह के आयोजन आगामी मासिक बैठक और समिति के द्विवार्षिक चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही



22 दिवसीय श्री गोल्ज्यू देवता की उत्तराखंड यात्रा जो 7 मई की शाम हल्द्वानी के रामलीला ग्राउंड में पहुंचेगी। इस दिव्य यात्रा के स्वागत और दर्शन के लिए सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है। बैठक में इंदर सिंह निगल्टिया, दया किशन बल्यूटिया, प्रताप सिंह जन्तवाल, विष्णु सिंह रावत, एलएम लोहनी, बीडी जोशी, रमेश चंद पांडे, देवेंद्र सिंह खाती, श्रीकांत खंडेलवाल, डीके पंत, मोहन चंद्र बुड़लाकोटी, केके कबडवाल, एडी डोर्वी, दिनेश चंद्र पंतोला, एचपी जोसेफ, आनंद सिंह भाकुनी मौजूद रहे।

# आंचल को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी, सौरभ बहुगुणा ने किया ऐतिहासिक समझौता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश के डेयरी क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (यूसीडीएफ) और प्रदेश के दुग्ध संघों में ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आईआरडीटी ऑडिटोरियम, सर्वेचौक देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन किया। सौरभ बहुगुणा ने इस कार्यक्रम में यूसीडीएफ और टाटा कंज्यूमर्स प्रा. लि. के बीच बद्री गाय घी और पहाड़ी घी के विपणन हेतु एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक समझौते से आंचल ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की



उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने कहा इस समझौते से आंचल के उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ेगी और किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा, जिससे डेयरी क्षेत्र को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, वित्तीय वर्ष 2025-26 में औसत दैनिक दुग्ध उपार्जन 2.37 लाख लीटर था, जबकि अधिकतम 2.97 लाख लीटर प्रतिदिन दर्ज किया गया। आगामी वर्ष के लिए 3.25 लाख लीटर प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चारा एफपीओ को सम्मानित किया गया, और दुग्ध संघ समिति हल्द्वानी के तीन प्रगतिशील महिला दुग्ध उत्पादकों को 25 हजार, 15 हजार और 10 हजार रुपये के पुरस्कार प्रदान किए गए। समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने डेयरी विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए टाटा कंज्यूमर्स के साथ हुए समझौते को एक दूरदर्शी पहल बताया और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री खजान दास, अपर सचिव डेयरी सुरेश चन्द्र जोशी, यूसीडीएफ के प्रबंध निदेशक जयदीप अरोड़ा, विभिन्न दुग्ध संघों के अध्यक्ष और कई गणमान्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## फार्मेसी अधिकारियों का विरोध तीसरे दिन भी

**हल्द्वानी।** राजकीय फार्मेसी अधिक. ारी सेवा संघ द्वारा चारधाम यात्रा ड्यूटी के देयकों के लंबित भुगतान के विरोध में चल रहा चरणबद्ध आंदोलन शुक्रवार तीसरे दिन भी जारी रहा। हल्द्वानी बेस चिकित्सालय सहित कुमाऊं मंडल के विभिन्न जनपदों जैसे अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और चंपावत के फार्मेसी अधिकारियों ने काला फीता बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज किया। इस दौरान फार्मेसी अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही ड्यूटी देयकों का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं तीव्र किया जाएगा। संघ ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि भुगतान प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर कर लंबित देयकों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार पांडे, मंडलीय अध्यक्ष गजेंद्र पाठक, दिगंबर रावत, ठाकुर प्रेम शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## रजनीश भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने एक माह पूर्व जनपद नैनीताल की जिला, नगर, तहसील, ब्लॉक तथा विधानसभा की सभी कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने संगठन को मज़बूत करने के लिए और बाबा साहेब तथा कांशीराम जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का गठन की शुरुआत करते हुए सेंचुरी कालोनी लालकुआं निवासी रजनीश कांत को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। संगठन नेतृत्व को उम्मीद है कि रजनीश कांत अपने पद की ज़िम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। रजनीश कांत को शुभकामनाएं देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल, सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पीआर टम्टा, प्रेम राम टम्टा, आरआर लोहिया, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, आकाश भारती, शालिनी भारती, आफताब आलम, नादिर सैफी, बीएल आर्य, बालकिशन राम, इरशाद अहमद, मनोज कुमार शामिल रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लंबित शिकायतों के निस्तारण को चलाएं विशेष अभियानः सीएम

**मुख्यमंत्री ने की सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन-1905 पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को फोर्स क्लोज करने के मामलों में जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष या संबंधित सचिव की संस्तुति के बिना किसी भी स्तर पर फोर्स क्लोज की कार्रवाई न की जाए।

शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पर्याप्त कार्यवाही किए यदि कोई अधिकारी शिकायत को फोर्स क्लोज करता है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन-1905 केवल एक दूरभाष संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित होने तक किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनका फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा उच्च स्तर पर शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से भी वार्ता की।

बैठक में मण्डलायुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वीसी जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, सिंचाई पीके दीक्षित, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, रविन्द्र बिष्ट, महाप्रबंधक मंडी निर्मला बिष्ट सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आरएसएस कार्यकर्ता से अभद्रता पर घेरी कोतवाली

**आरोपी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वान पर समाप्त किया गया धरना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरूवार की रात्रि किसी कार्य के लिए ट्रांजिट कैम्प गए आरएसएस के कार्यकर्ता के साथ वहां तैनात एक दरोगा द्वारा अभद्रता कर धक्का मुक्की करने और कोतवाली से बाहर कर दिए जाने के खिलाफ भारी संख्या में आरएसएस कार्यकताओं के साथ भाजपा, विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने रात्रि में ही ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक, महापौर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी। जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ ही पुलिस अधिकारियों से मामले की जानक. ारी ली।

बताया जाता है कि आरएसएस का एक पदाधिकारी रमेश एक मामले में बातचीत करने के लिए रात्रि करीब दस बजे ट्रांजिट कैम्प आया था। उसका आरोप है कि जब वह कोतवाली पहुंचा तो वहां तैनात एक दरोगा ने उससे अभद्रता करते हुए दलाल तक कह दिया और धक्का मुक्की करते हुए कोतवाली से बाहर जाने को कहा। इसकी भनक मिलते ही वहां संघ कार्यकताओं सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ता कातवाली आ धमके और उन्होंने आरोपी दरोगा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग कर रात्रि में ही ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर गेट के समक्ष धरना शुरू कर दिया। साथ ही मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक, महापौर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी। कार्यकर्ता पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ ही भजन व जयघोष भी करते रहे। मध्य रात्रि कोतवाल मोहन चन्द्र पाण्डेय द्वारा मामले की जांच कर आरोपी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वान पर धरना समाप्त किया गया।

इस दौरान पार्षद मोनू निषाद, रोी. हत भट्ट, प्रणय, शंकर विश्वास, लल्ला यादव, अजय शर्मा, आलोक राय, राहुल तिवारी, सरोज शर्मा, विक्की सरकार, धीरेश गुप्ता, अभय सिंह, पवन राणा, विशाल साह, मनोज घोष, प्रसन्नजीत दास, अंकित साना, करन निषाद, बीनू गुम्बर सुमित कुमार आदि मौजूद थे। इस मामले में कार्यकर्ताओं ने आज एसएसपी से भी मुलाकात की।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार/नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत के चरन सिंह को 133 पाउच (45 लीटर) कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

असामाजिक तत्वों/शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी प्रभारी नादेही उ.नि. संतोष देवरानी द्वारा मय पुलिस टीम के चेकिंग के दौरान जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त चरन सिंह पुत्र जयराज सिंह निवासी राजपुर थाना जसपुर को एक नीले रंग के कट्टे में 133 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसआई संतोष देवरानी चौकी इंचार्ज नादेही, हेड का मनोज रावत, का. अशोक कुमार , दीपक जलाल आदि शामिल रहे।

### स्मैक के साथ नशा तस्कर पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के क्रम में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज बाजार उ.नि. भूपाल राम पोरी द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त मो शारिक पुत्र मो अली निवासी तकिये वाली मस्जिद के पास मोहल्ला जटवारा थाना जसपुर उम्र 30 वर्ष को 03.04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर कोतवाली हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पोरी,एसआई ललित सिंह, एचसी नवीन प्रकाश, का. कुलदीप सिंह, इंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### शांति व्यवस्था भंग करते हुए झगड़ा करने वाले दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर के निर्देशानुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत अराजक तत्व गिरफ्तार लगातार जारी है। इसी क्रम में मोहल्ला नत्था सिंह में नशे में लिप्त होकर शांति व्यवस्था भंग करते हुए झगड़ा करने वाले दो अराजक तत्वो शुभम तोमर पुत्र रमेश सिंह निवासी मोहल्ला नत्था सिंह कोतवाली जसपुर एवं अजय कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी मोहल्ला नत्था सिंह कोतवाली जसपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया। कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने बताया कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### गर्भवती महिलाओं एवं तीमारदारों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड के द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के दूरस्थ क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं तीमारदारों को जागरूक करने हेतु विशेष चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर उपकेंद्र खेमपुर दूरस्थ क्षेत्र पड़किया में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।



उपरोक्त शिविर के अंतर्गत महिला चिकित्सा अधिकारी डा. रेखा द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई एवं एनम शशि द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं उनके बच्चों का टीकाकरण किया गया। डा. मोहम्मद इदरीश सीएचओ , केएन जोशी फार्मासिस्ट राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा ग्रामीणों हेतु एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। अंजू आशा फेसिलेटर,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहनों द्वारा जन समुदाय को घर-घर से बुलाकर कार्यक्रम स्थल पर लाकर के जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

# एलायंस क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार, ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा का अधिष्ठापन समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाल कर शपथ ली और आगामी वर्ष के लिए अपनी सेवा योजनाएं भी गिनाई। ध्वज वंदन एवं राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। मनोज कन्याल ने अध्यक्ष पद की शपथ ली और विधिवत रूप से कार्यभार संभाला।

नई टीम की ताजपोशी पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार द्वारा की गई। उन्होंने अध्यक्ष मनोज कन्याल, सचिव बादल सक्सेना और कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी को शपथ दिलाई और बताया कि मानवता की सेवा और भाईचारे की मजबूती के लिए एलायंस क्लब का गठन किया गया था। इस अवसर पर घनश्याम अग्रवाल, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे और पंकज टम्टा ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली। नवनीत अरोरा को ज्वाइंट सेक्रेटरी,कुलदीप राणा को टेल ट्विस्टर,अकबर हुसैन को टेमर, राकेश कुमार रॉक्सी को पीआरओ, मो.आमिल को मेंबरशिप चेयरमैन बनाया गया। नई टीम में विश्वजीत पाल, दीपक चंद और अंशदीप गंभीर डायरेक्टर रहेंगे। इस मौके पर एड. अमित मिश्रा, अमित सक्सेना, डॉ. अनुज गुप्ता अरबाज अंसारी, बाबा बीजे, कुंदन ज्याला, डॉ. आरिफ खान,किशन पाल, मनोज भट्ट, मोहित अरोड़ा, राशिद अंसारी, संदीप कांडपाल, परमजीत खनका, सुमित बंसल और विशाल सक्सेना ने भी क्लब की सदस्यता ली एवं शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी ने नई टीम को बधाई देते हुए उनसे मानवता के हित में कार्य करने की बात कही।




पारूथी ने कहा कि जल्द ही डिस्ट्रिक्ट में और नए क्लब भी खोले जाएंगे। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले क्लब सदस्यों को सम्मानित भी किया। अंत में केक काटकर क्लब का चार्टर डे भी उपस्थित सदस्यों ने धूमधाम से सेलिब्रेट किया। प्रोग्राम चेयरमैन राकेश शर्मा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मास्टर ऑफ सेरेमनी पद का दायित्व संभाल रहे घनश्याम अग्रवाल ने सफल संचालन किया। इस दौरान सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय कुमार, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कंचन सक्सेना, डिस्ट्रिक्ट चीफ को-ऑर्डिनेटर नवनीत अरोरा, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर पंकज टम्टा, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ पंकज सक्सेना, जगदीश पाल, केसर पारुथी, अरुणा कन्याल,शिवानी सक्सेना, रुचि गहतोड़ी, गुरप्रीत कौर, प्रेरणा गुप्ता, गीता पाल ,ज्योति पाल, शाहीन अंसारी ,प्रियंका बंसल, फरहा नाज,नंदा पांडेय, ज्योति बिष्ट,माया थापा, प्रीति धौनी, अनीता भंडारी, प्रेमिता मारक ,दीपा चड्ढा,रत्नाकर पांडेय और राशि गुप्ता आदि रहे।

# बाजपुर कोसी नदी खनन क्षेत्र में ट्रैक्टर में लगी आग, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को कोसी नदी खनन क्षेत्र (बंजारी गेट प्रथम) में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक अर्जुन ट्रैक्टर में आग लग गई। आग लगने की घटना से आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर में अचानक धुआं उठना शुरू हुआ, जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और संबंधित विभाग को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन व दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन ट्रैक्टर को काफी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। संबंधित अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# अप्रेन्टिसशिप मेले का शुभारम्भ, 84 प्रशिक्षार्थियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय औद्योगिक संस्थान (आईटीआई) बाजपुर में अप्रेन्टिसशिप मेले का शुभारम्भ गदरपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को रोजगार से जुड़ने और अनुशासन के साथ कार्य करते हुए बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव पुष्पांकर ने प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसरों और विभिन्न अधिष्ठानों की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अप्रेन्टिसशिप मेला युवाओं के कौशल को निखारने के साथ-साथ उन्हें रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। यह मेला संस्थान और उद्योगों के बीच मजबूत कड़ी का काम करता है।

मेले में संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, जे.पी. टम्टा, सहायक निदेशक बी.एस. रावत, आईटीआई काशीपुर के प्रधानाचार्य निश्चल जोशी, गदरपुर के प्रधानाचार्य शिव कुमार, बिन्दुखत्ता की प्रधानाचार्य सीमा कुमार सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



अप्रेन्टिसशिप मेले में 17 अधिष्ठानों और लगभग 112 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न व्यवसायों के 84 प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया।

# 19.62 ग्राम स्मैक के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 19.62 ग्राम स्मैक (हेरो. इन) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अवैध नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अप्रैल 2026 को बाजपुर पुलिस टीम ने बन्नाखेड़ा-बरहेनी रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 19.62 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान बाबी सिंह पुत्र बलविंदर सिंह, निवासी इट्टवा, बन्नाखेड़ा (मून लाइट स्कूल के पीछे) के रूप में हुई है। वह अपाचे RR 310 (HR20BC0703, लाल रंग) बाइक से स्मैक की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरा. पी के खिलाफ कोतवाली बाजपुर में एफआईआर संख्या 139/2026, धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मौके से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।



पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विक्रम सिंह धामी, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह परिहार, जगदीश कोठियाल, कांस्टेबल मोहम्मद इरफान व कैलाश पांडे शामिल रहे। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र आयुष दिगारी ने 98, विशाल सिंह ने 96. 02 तथा यशिका दिगारी ने 96% अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक फादर पीटर, प्रधानाचार्या सिस्टर टेरेसा एंटनी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### स्मैक के साथ एक युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुक्रम में खटीमा पुलिस ने बीती रात इरफान उम्र 26 वर्ष पुत्र शफीक अहमद निवासी वार्ड नंबर 18 डिग्री कॉलेज रोड खटीमा को 2.62 ग्राम अवैध स्मैक/हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, उप निरीक्षक विजय बोरा तथा कांस्टेबल ईशाक मोहम्मद शामिल रहे।

# रिनेसां कॉलेज के प्लेसमेंट में छात्रों ने देश-विदेश के शीर्ष 5 स्टार होटलों में बनाई पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** हॉस्पिटैलिटी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेन्ट एण्ड केटरिंग टैक्नोलॉजी, रामनगर ने इस वर्ष भी अपने छात्रों के लिए 100% प्लेसमेंट सुनिश्चित कर एक उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, सुदृढ़ प्रशिक्षण प्रणाली और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस वर्ष कॉलेज के मेधावी छात्रों ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित 5 स्टार होटलों में चयन पाकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है, जिसमें बिपेन्द्र का चयन फ्रांस के नामी होटल होस्टेलिएरी डू पासेअर-लेस फ्रेस ब्रून में हुआ।

मयंक नेगी का चयन होटल ओबेरॉय उदयविलास, उदयपुर में हुआ। प्रशांत सजवान, अदिति ठाकुर एवं आशीष रावत का चयन ग्रांड हयात, गुड़गांव में हुआ है। मोहित गोला एवं तेजपाल सिंह को द ग्रांड, नई दिल्ली में नियुक्ति मिली है। आदित्य ठाकुर एवं मनोज बोरा ने आई०टी०सी० मुगल शेराटन, आगरा में स्थान प्राप्त किया है। वहीं अभिषेक रावत एवं निखिल रावत को देश के प्रतिष्ठित होटल द इम्पीरियल, नई दिल्ली में अवसर मिला और अन्य सभी छात्र छात्राओं का प्लेसमैन्ट देश के नामी फाइव स्टार होटलों में हुआ है। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आलोक गुसाईं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि हर छात्र को एक सफल और आत्मनिर्भर प्रोफेशनल बनाना है।



# महम अली ने नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व समाजसेवी असद अली की पुत्री महम अली ने एसटी जोसफ कान्वेंट स्कूल पीरुमदारा रामनगर का नाम रोशन किया है। महम अली ने 98% अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।इस उपलब्धि पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट,पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत,ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,कांग्रेस नेता ताईफ खान,कांग्रेस नेता उस्मान सिद्दीकी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# तीन अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी उधमसिंहनगर के निर्देश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री,भंडारण के अड्डों के समूल विनिष्टिकरण के क्रम में क्षेत्र-2 खटीमा टीम व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त छापेमारी के दौरान आलावर्दी क्षेत्र के किलपुरा रेंज में नाले पर चल रही तीन अवैध भट्टियों को नष्ट किया गया एवं आसपास तलाशी के दौरान लगभग 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लगभग 2000 किला. ग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी उधम सिंह नगर का कहना है कि यह छापेमारी लगातार चलती रहेगी। इस दौरान आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी सहित आबकारी विभाग की टीम मौजूद रही।



# दो टाइल्स सड़कों का हुआ शिलान्यास



**चेयरमैन गित्ते बोले विकास ही प्राथमिकता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद बाजपुर के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने वार्ड नंबर 13 में दो टाइल्स सड़कों का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर चेयरमैन गित्ते ने कहा कि बाजपुर का चहुँमुखी विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर में नालों व नालियों की तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है, ताकि जलभराव की समस्या न हो। वहीं, गर्मी के मौसम को देखते हुए डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, पप्पू सक्सैना, जयंत, विजय, नंदलाल यादव, खलील अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता शम्भू दत्त जोशी का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं भाजपा के संस्थापक कार्यकर्ता रहे शम्भू दत्त जोशी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शौक व्यक्त किया है। उनके निधन पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा के वरिष्ठ नेता इंदर सिंह रावत, भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भूपेंद्र सिंह खाती,नवीन करगेती, घनश्याम शर्मा, बलदेव सिंह रावत, शिशुपाल सिंह रावत, विपिन कांडपाल, अशोक गुप्ता, सैयद अली नकवी, अजीज खान, वीरेंद्र सिंह रावत,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, सत्यप्रकाश शर्मा, शुभम उत्तम, प्रेम मेहरा, फईम कुरैशी, अली खान आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।




# मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल ने शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 % सफलता प्राप्त की है।विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की।

छात्रा ज्योतिका पवार ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।चित्रा कुंवर ने 96% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।तानिया बेलवाल ने 94% अंक प्राप्त किए।आदित्य सिरारी ने 92.2%,दीक्षा अधिकारी ने 92%,वैष्णवी खुल्बे ने 92%,कुसुम ने 91.2%,दृष्टि मठपाल ने 91%,वैष्णवी फुलारा ने 91%,मनीष कडाकोटी ने 91%,आरुषि बिष्ट ने 90.4%,अंश गुप्ता ने 90. 2%,प्रकृति मेहरा ने 90.4% अंक हासिल किए।इसी उपलब्धि के क्रम में 36 से अधिक छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. मीना पाथंरी एवं सभी शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों को इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

# पलायन रोकथाम को जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना (एमपीआरवाई) एवं मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एम.बी.ए.डी.पी.) के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों एवं योजनाओं पर विचार-विमर्श के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा द्वारा विभिन्न विकासखंडों एवं विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरान कुल 17 करोड़ 52 लाख रुपये के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें से मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 2 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 16 करोड़ 50 लाख रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा इन्हें शीघ्र ही शासन को प्रेषित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रस्तावों में जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों के सौंदर्यीकरण एवं खेल सुविधाओं को भी मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के अंतर्गत शामिल करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण एवं खेल सुविधाओं के विस्तार से दूरस्थ क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बेहतर होंगी, जिससे पलायन की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावों में गुणवत्ता, व्यवहारिकता एवं जनहित सर्वोपरि रखा जाए तथा ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी का बड़ा कदम



- टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता का बिगुल
- कमांडेंट संजय कुमार के निर्देशन में अभियान
- डॉक्टरों ने बताया समय पर जांच और इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 36वीं वाहिनी ने "टीबी मुक्त भारत अभियान" के तहत एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कमांडेंट संजय कुमार के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ पैट्रन अनुराधा सिंह द्वारा की गई, जिसमें हिमवीर जवानों के साथ उनके परिवारों की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और उसके बचाव व उपचार की सही जानकारी देना रहा। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सोनाली मंडल ने उपस्थित सभी लोगों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और पूर्ण उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साफ कहा कि अगर समय रहते जांच कर सही इलाज शुरू किया जाए तो टीबी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। इस संदेश ने उपस्थित लोगों को जागरूक ही नहीं बल्कि जिम्मेदार भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों व जवानों ने "टीबी मुक्त भारत अभियान" को सफल बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। 36वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा समय-समय पर इस तरह के जनहित कार्यक्रम आयोजित कर जवानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य के प्रति सजग किया जाता रहा है। इस अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारी, जवान और उनके परिवारजन मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम एक मजबूत सामाजिक संदेश देने में सफल रहा।

## एक नजर

### बेटी आलिया शेख ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/बनबसा।** मेहनत और लगन के दम पर एक छात्रा ने शानदार सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 बनबसा कैंट, चंपावत की छात्रा आलिया शेख ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 92प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**सीबीएसई में 92 प्रतिशत अंक किए हासिल**

आलिया की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का संघर्ष और सहयोग भी झलकता है। उनकी माता शबाना शेख एक गृहणी हैं, जबकि पिता शेख अफजल पेशे से ड्राइवर हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आलिया ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। आलिया की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है। संदेश: यह सफलता साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों तो किसी भी परिस्थिति में लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### टनकपुर में पीएनजी की एंट्री, कई इलाकों में रजिस्ट्रेशन शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर क्षेत्र के कार्की फॉर्म, आंबाग रोड और विष्णुपुरी कॉलोनी में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा की शुरुआत की दिशा में कार्य तेज हो गया है। इन क्षेत्रों में घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

गैसोंनेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर वरिष्ठ प्रबंधक नीरज जोशी ने बताया कि अब तक करीब 5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिससे जल्द ही उपभोक्ताओं को घर बैठे पाइप के जरिए गैस आपूर्ति मिलने लगेगी। पीएनजी कनेक्शन के लिए 590 का रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाए जाएंगे और हर दो महीने में बिलिंग की जाएगी। जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, एड्रेस प्रूफ, एलपीजी कनेक्शन बुक तथा राशन कार्ड या बिजली बिल शामिल हैं। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए भी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क इच्छुक उपभोक्ता गैसोनेट कंपनी की मार्केटिंग टीम से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए रंजीत कुमार (मोबाइल: 9135444455) से जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि पीएनजी प्रोजेक्ट के शुरू होने से शहरवासियों को सस्ती, सुरक्षित और सुविधाजनक गैस आपूर्ति का लाभ मिलेगा। साथ ही, गैस सिलेंडर की मौजूदा दिक्कतों से भी धीरे-धीरे राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### वार्ड 13 की बिजली नगरीय लाइन से जुड़ी लोगों ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में शामिल वार्ड नंबर 13 की विद्युत व्यवस्था में बड़ा सुधार किया गया है। अब इस वार्ड की बिजली लाइन को ग्रामीण क्षेत्र से हटाकर नगरीय क्षेत्र से जोड़ दिया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई है। बिजली व्यवस्था बेहतर होने से उत्साहित वार्डवासियों ने बेरिया रोड पर भाजपा नेता गौरव शर्मा व एसडीओ विद्युत गिरीश चंद्र पांडे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता गौरव शर्मा ने कहा कि पालिका चुनाव के दौरान नगरवासियों से किए गए वादे को उन्होंने पूरा कर दिखाया है। उन्होंने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट का भी आभार जताया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री राकेश मौर्य, विक्रम मेहता, कमल गोयल, बलवंत उप्पल, दीपक वाही, संजीव कपूर, गोरा शर्मा, चंदन, तुषार, मतलूब मसीह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# टनकपुर डिपो में अनियमितताओं के आरोप, जांच व कार्रवाई की मांग

- रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने
- मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
- प्रबंधन पर नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तराखंड की टनकपुर शाखा ने डिपो में कार्यरत सहायक महाप्रबंधक के विरुद्ध कथित अनियमितताओं और निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। परिषद ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। परिषद से जुड़े पदाधिकारियों ने ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के वरिष्ठ सहायक शशांक पांडे को सौंपी है।

परिषद द्वारा भेजे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते लगभग छह महीनों के दौरान डिपो में संचालन संबंधी कुछ निर्णय कथित रूप से मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं लिए गए, जिसके कारण परिवहन निगम को संभावित आर्थिक हानि हुई। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि ऑफ-रोड बसों के पुनः संच. ालन तथा अवैध संचालन को रोकने से संबंधित निर्देशों का समुचित पालन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, परिषद ने चालक-परिचालकों की तैनाती में भी कथित अनियमितताओं की बात कही है, जिससे बसों के संचालन पर प्रभाव पड़ने और राजस्व में कमी आने का दावा किया गया है। परिषद के अनुसार, डिपो स्तर पर व्यवस्थागत कमियों के कारण निर्धारित सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित सहायक महाप्र. बंधक या विभागीय अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई है।

परिषद की क्षेत्रीय प्रबंध समिति ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की विभागीय स्तर पर जांच कराई जाए और यदि आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए जाते हैं, तो नियमानुसार आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि परिवहन मंत्री, प्रबंध निदेशक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

# चम्पावत में बनेगा आधुनिक 'सिटी सेंटर'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में एक और बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है।

अब शहर को जल्द ही एक भव्य और आधुनिक 'सिटी सेंटर' की सौगात मिलने जा रही है, जिससे पूरे इलाके की तस्वीर बदलने वाली है।

मुख्यमंत्री घोषणा के तहत रोडवेज स्टेशन चम्पावत परिसर में मल्टीस्टोरी पार्किंग और अत्याधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के रूप में 'सिटी सेंटर चम्पावत' के निर्माण को शासन से अंतिम मंजूरी मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए करीब 62.33 करोड़ (6233.44 लाख) की भारी-भरकम धनराशि स्वीकृत की गई है।

परियोजना को तेजी से जमीन पर उतारने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली किश्त के रूप में करीब 6.23 करोड़ (623. 34 लाख) भी जारी कर दिए गए हैं, जिससे निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के अनुसार, यह 'सिटी सेंटर' चम्पावत के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इससे जहां शहर में वर्षों पुरानी पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा, वहीं लोगों को एक ही स्थान पर आधुनिक बाजार की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

# अनुसूचित जनजाति के निर्धारित कोटे से विधायक खफा

- 335 पदों में मात्र पांच आरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानकता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड देहरादून द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला परीक्षा 2025 के रिक्त 335 पदों की विज्ञप्ति पर आपत्ति व्यक्त की है। उन्होंने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखंड में समूह ग के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला मानकों के अनुरूप अनुसूचित जनजाति का आरक्षण बारह से अधिक के बजाय मात्र पांच पद रखे गए हैं।

विधायक राना ने उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा 15 अप्रैल 2026 को निकाल गई विज्ञप्ति पर जनजातियों के हकों पर डाका डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 4 प्रतिशत बताया है। इस संबंध में डीजी हेल्थ उत्तराखंड से बात की जा रही है। सितारगंज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर पत्रकारों के रुबरू हुए विधायक राणा ने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार किसान विरोधी है। उन्होंने गेहूं खरीद के नाम पर मंडी परिसर में खोले गए केंद्रों के बैनर तो लगा दिए हैं, लेकिन खरीद संबंधी लिमिट जारी नहीं की है। सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है।

प्राकृतिक आपदा में अपनी आधी फसल गवां चुके किसानों की पैदावार को बिचौलिए मनमाने रेट में खरीद रहे हैं। सरकार इन्हीं बिचौलियों से गेहूं खरीद कर अपना कोटा पूरा करेगी। सरकार की गेहूं खरीद की घोषणा के सत्रह दिन बीतने के बाद भी खरीद केंद्रों पर एक दाना गेहूं नहीं खरीदा गया है। विधायक राणा ने कहा है कि इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी बात तक नहीं कर रहे हैं।

# शारदा खनन में एक लाख घन मीटर बढ़ोत्तरी की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन टनकपुर ने शारदा खनन क्षेत्र में खनन की मात्रा बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है। यूनियन का कहना है कि वर्तमान वर्ष 2026 में निर्धारित उप खनिज की मात्रा लगभग 3 लाख 35 हजार घन मीटर है, जो अप्रैल माह में ही समाप्त होने की स्थिति में है। ज्ञापन की प्रति मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर में वरिष्ठ सहायक शशांक पांडे को सौपीं गई है।



यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार, यदि खनन कार्य समय से पहले बंद हो जाता है तो इससे जुड़े मजदूरों, वाहन स्वामियों और स्थानीय व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। पत्र में बताया गया है कि खनन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए अतिरिक्त खनन मात्रा की आवश्यकता है। यूनियन ने मुख्यमंत्री से करीब 1 लाख घन मीटर अतिरिक्त खनन की अनुमति देने की मांग की है, ताकि कार्य निरंतर चलता रहे और रोजगार पर असर न पड़े। यूनियन ने उम्मीद जताई है कि सरकार इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान करेगी। ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय प्रबंधक हल्द्वानी एवं परियोजना प्रबंधक शारदा खनन टनकपुर को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन में मदन जोशी, जाहिद हुसैन, नसीब, कमलेश शर्मा, पंकज जोशी, रईस अहमद, रहमान, शाहिद, नजीर हुसैन, कुंडल महर, चंदू चंद, रघुवीर, संदीप आदि के हस्ताक्षर है।

### फल एवं सब्जियों के थोक एवं फुटकर बाजार भाव में नियंत्रण को ऑन लाईन बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में फल एवं सब्जियों के थोक एवं फुटकर खुदरा बाजार भाव में नियंत्रण को ऑन लाईन बैठक आयोजित की गई।

**थोक एवं फुटकर बाजार भाव व दर में नियंत्रण रखने के लिए मण्डी समिति स्तर से सचल दल का किया गठन**

शुक्रवार को नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव जय सिंह बोनाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, रुद्रपुर द्वारा फल एवं सब्जियों के थोक एवं फुटकर खुदरा बाजार भाव में नियंत्रण किये जाने के उद्देश्य से ऑन लाईन बैठक आयोजित की गयी। बैठक के अनुपालन में मण्डी समिति नानकमत्ता क्षेत्रान्तर्गत थोक एवं फुटकर बाजार भाव व दर में प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए मण्डी समिति स्तर से सचल दल का गठन किया गया है। सचल दल प्रतिदिन मण्डी क्षेत्र में आने वाली समस्त प्रकार की सब्जिया एवं फलो का स्थानीय बाजार में फुटकर व्यापारियों द्वारा बिकी की जा रहे भाव मे प्रभावी नियंत्रण रखेगें। अनावश्यक रूप से बाजार दर रेट से अधिक मे बिक्री करते हुए पाया जाने पर सम्बन्धित से नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा। मण्डी क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत फल एवं सब्जियों के बिकी करने वाले समस्त फुटकर खुदरा व्यापारियों का मण्डी स्तर से लाईसेंस जारी किए जाएंगे। यहां मण्डी सचिव जय सिंह बिनाल, मण्डी निरीक्षक लल्लन हुसैन, किशोर सिंह देव लेखाकार एवं ऑपरेटर बलवीर सिंह जयाला आदि मौजूद रहे।

### पूर्णागिरि मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** टनकपुर में चल रहे प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेला में एक बार फिर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। मैदानी क्षेत्रों से बसों और ट्रेनों में भर-भर कर तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं। आज मेले के दौरान लखीमपुर खीरी की 16 वर्षीय एक बालिका गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण बेहोश हो गई। मौके पर मौजूद मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी ने तत्काल उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार कराया। उपचार के बाद बालिका के सामान्य होने पर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। मेला मजिस्ट्रेट डॉ. तिवारी के अनुसार, करीब 20,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए।

# शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा जूनियर हाईस्कूल फोर्ती, बच्चों का भविष्य दांव पर

- दो शिक्षकों के सहारे चल रहा स्कूल, ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार
- भवन मरम्मत व सुविधाओं की भी उठी मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर के समीप स्थित जूनियर हाईस्कूल फोर्ती, जो वर्षों से अपनी अलग पहचान बनाए हुए है, इन दिनों गंभीर समस्याओं से घिर गया है। विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के चलते शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।

ग्राम प्रधान रेनू बगौली, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष भुवनेश्वरी पुनेठा और सामाजिक कार्यकर्ता योगेश बगौली ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पहले विद्यालय में चार शिक्षक कार्यरत थे, लेकिन वर्तमान में केवल दो शिक्षक ही रह गए हैं। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब इनमें से एक शिक्षक भी समय-समय पर सरकारी कार्यों जैसे भवन गणना और जनगणना में व्यस्त रहता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने केवल शिक्षकों की नियुक्ति ही नहीं, बल्कि विद्यालय की जर्जर होती अवस्थाओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान खींचा है। ज्ञापन में दैवीय आपदा के चलते गिरी सुरक्षा दीवारों के पुनर्निर्माण, टूटते फर्श में टाइल्स लगाने और सीलन की समस्या को देखते हुए छत की मरम्मत की मांग की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह मेहता ने बताया कि जिला योजना के तहत बन रही लाइब्रेरी बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी का आभार भी जताया। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों की कमी के चलते इस सत्र में कई बच्चों ने अन्य स्कूलों का रुख कर लिया, जो विद्यालय के भविष्य के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी को भी पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो बच्चों की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### तीन सूत्रीय मांगों पर अड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** चंपावत जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार आंदोलन और धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। इस विरोध के चलते नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की पढ़ाई और पोषण सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

आंदोलन के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटके हैं, जिससे छोटे बच्चों की शिक्षा और देखभाल पूरी तरह से ठप हो गई है। अभिभावकों में भी इस स्थिति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांग है कि उन्हें 24,000 मासिक वेतन दिया जाए, सेवा निवृत्ति के समय ₹10,000 की एकमुश्त धनराशि प्रदान की जाए और आंगनबाड़ी केंद्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त की जाए। अब तक शासन स्तर पर इस मुद्दे को लेकर कोई ठोस पहल या हलचल नजर नहीं आ रही है, जिससे कार्यकर्तियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। लोहाघाट, चंपावत समेत विभिन्न क्षेत्रों से आई कार्यकर्तियां एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन कर रही हैं और अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बना रही हैं।

# डीपीएस रुद्रपुर की छात्रा हर्षा ने रचा इतिहास

- सीबीएसई मुख्यालय ने 500/500 अंक पर दिया विशेष आमंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक नया अध्याय लिखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रुद्रपुर की मेधावी छात्रा हर्षा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 500 में से 500 अंक प्राप्त कर एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जनपद एवं राज्य के लिए भी प्रेरणादायक क्षण है।



हर्षा की इस शानदार उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस सफलता ने उन्हें देशभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की श्रेणी में विशिष्ट स्थान दिलाया है। इस असाधारण उपलब्धि के सम्मान में सीबीएसई मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा विशेष आमंत्रण दिया गया, जिसमें हर्षा, उनके अभिभावक तथा विद्यालय चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर एवं वाइस चेयरमेन हरमन सिंह ग्रोवर को आमंत्रित किया गया। यह सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ, जहा। शिक्षा जगत के शीर्ष अधिकारियों ने स्वयं हर्षा की सफलता की सराहना की। इस अवसर पर सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता (आईएएस), परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज एवं निद. शक (संबद्धता) जेपी चतुर्वेदी ने हर्षा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही संयम भारद्वाज ने हर्षा को सीबीएसई पॉडकास्ट के लिए भी निमंत्रण दिया। उन्होंने हर्षा के अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए बधाई दी और उनके मार्गदर्शन एवं समर्थन की सराहना की।

# आयुक्त ने की प्राधिकरण के वित्तीय आंकड़ों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आयुक्त कुमाऊं मण्डल एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 22वीं बोर्ड बैठक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल, कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

बैठक में प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2025-26 के वास्तविक आय-व्ययक और वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित बजट पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, के वित्तीय आंकड़ों में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। प्राधिकरण की राजस्व आय में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 48 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दर्ज की गई है। इसी क्रम में, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कुल प्रस्तावित आय के लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 27.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान किया गया है। आय के इन बढ़ते आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्राधिकरण नियोजित विकास और राजस्व संग्रह की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है।

बोर्ड बैठक में कुल 32 मुख्य प्रस्ताव/मदों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमे चालु वित्तीय वर्ष हेतु बजट अनुमोदन, नीतिगत प्रस्ताव 13, मानचित्र के कुल प्रस्ताव स्वीकृत-16 का अनुमोदन किया गया तथा 02 प्रस्ताव शासन से मार्गदर्शन हेतु प्रस्तावित किए गए। इसके अतिरिक्त बोर्ड बैठक में जनपद के सौंदर्गीकरण/विकास हेतु प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। मोदी मैदान को एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक ट्रैक, क्रिकेट पिच और विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक चें. जंग रूम, दर्शकों के लिए विशाल गैलरी और खेल आयोजनों हेतु उन्नत तकनीकी बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत खटीमा क्षेत्र के विकास हेतु 1497. 46 लाख की लागत वाली विकास योजनाओं को बोर्ड द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक- 36/नामावसूचना/2026-27 दिनांक- 16/04/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-04 कमांक 365 पर श्री रामसरन पुत्र स्व. जोखीराम का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 350 रू0 वार्षिक है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती भागवती पत्नी स्वा राम सरन निवासी वार्ड नं. 04 वाल्मिकी बस्ती, गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# जिला जज रुद्रप्रयाग का फैसला रद्द

## हत्या के प्रयास के आरोपी को उत्तराखंड हाई कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हत्या के प्रयास के एक मामले में जिला जज रुद्रप्रयाग द्वारा दोषी ठहराए गए हरीलाल की सजा को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने माना कि घटना किसी पूर्व नियोजन या साजिश का परिणाम नहीं थी बल्कि मोबाइल फोन पर संगीत बजाने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद अचानक पैदा हुए गुस्से में की गई थी। मामले के अनुसारए जून 2020 में रुद्रप्रयाग के उखीमठ में संगीत बजाने को लेकर हुए झगड़े के दौरान हरीलाल ने परमेश्वर नामक व्यक्ति के पेट पर चाकू से वार कर दिया था। निचली अदालत ने उसे धारा 307 और 326 (गंभीर चोट पहुँचाना) के तहत दोषी



ठहराते हुए आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करते हुए पाया कि आरोपी का इरादा हत्या करना नहीं था क्योंकि उसने केवल एक ही वार किया और उसके बाद वह वहां से भाग गया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि धारा 307 के तहत सजा के लिए हत्या का इरादा या ज्ञान होना अनिवार्य है। इस मामले में घटना की अचानक प्रकृति और सिंगल बलो (एक ही वार) को देखते हुए हत्या के प्रयास का आरोप न्यायसंगत नहीं पाया गया, साथ ही हथियार की बरामदगी को लेकर गवाहों के मुकरने और प्राथमिकी दर्ज करने में हुई देरी ने भी अभियोजन पक्ष के दावे को कमजोर किया। उच्च न्यायालय ने धारा 307 के तहत दी गई सजा को रद्द कर दिया जबकि धारा 326 के तहत दोषसिद्धि को बरकरार रखा। अदालत ने अपीलकर्ता की सजा को उसके द्वारा जेल में पहले ही काटी जा चुकी अवधि में संशोधित कर दिया और आदेश दिया कि यदि वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तत्काल रिहा किया जाए। जुर्माने की राशि को न्यायालय ने अपरिवर्तित रखा है।

### आबकारी आयुक्त को 21 को वर्चुअली कोर्ट में पेश हों

**नैनीताल।** नियमानुसार शराब की दुकान आबंटन होने के बावजूद स्थानीय लोगों के दबाव में प्रशासन द्वारा शराब की दुकान खोलने में सहयोग न करने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मंगलवार 21 अप्रैल को आबकारी आयुक्त को वर्चुअली कोर्ट में पेश होने व शराब नीति की जानकारी देने को कहा है। नैनीताल जिले के बलवंत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उनके नाम शराब की दुकान खोलने हेतु नियमानुसार लाइसेंस जारी हुआ है किंतु जिस स्थान पर उन्हें दुकान आवंटित हुई है वहां के स्थानीय लोग शराब की दुकान का विरोध कर रहे हैं जिससे वे अब तक शराब की दुकान नहीं खोल सके हैं। स्थानीय प्रशासन भी उन्हें नियमानुसार दुकान खोलने में सहयोग नहीं कर रहा है। हाईकोर्ट ने इस मामले में आबकारी आयुक्त को कोर्ट में तलब किया है। उधर रातीघाट में शराब की दुकान खोलने हेतु सुरक्षा की मांग को लेकर यहां की दुकान के लाइसेंसी सुरेश उप्रेती (घोड़ाखाल) की एक अन्य याचिका की 16 अप्रैल को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने जिलाधिकारी नैनीताल को याचिकाकर्ता के हित में नियमानुसार निर्णय लेने को कहा है।

### याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर 3 माह में निर्णय लें डीएम

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के मियांवाला के पास तालाब और जलमग्न भूमि पर अतिक्रमण करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए जिलाधिकारी देहरादून से कहा कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर मामले की जांच करें और उसपर तीन माह के भीतर निर्णय लें।

### क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी मामले में प्रतिवादियों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने क्रिकेट लीग के आयोजन के नाम पर धोखाधड़ी मामले में आरोपी के खिलाफ दर्ज मामलों को निरस्त करने की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोनों प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 10 दिनों में रिस्पांस पेश करने को कहा है। धोखाधड़ी के आरोपी विकास ढाका की ओर से दायर याचिकाओं पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ सुनवाई हुई। शुक्रवार को सरकार की ओर से कहा गया कि दोनों मामलों में जांच जारी है। दूसरी ओर प्रतिवादी नाराय पाल की ओर से कहा गया कि आरोपी ने क्रिकेट लीग के नाम पर उसे सब्जबाग दिखाए। यह भी कहा गया कि क्रिकेट लीग में नामचीन क्रिकेट खिलाड़ियों के प्रतिभाग के नाम लाखों की ठगी की गई। इसके बाद क्रिकेट लीग का आयोजन ही नहीं किया गया। क्रिकेट खिलाड़ी इरफान पठान और प्रवीण कुमार से जब क्रिकेट लीग में भाग लेने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने इनकार करते हुए कहा कि उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया है। इधर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसके साथ पुलिस ने ज्यादती की है। उसे कोतवाली बुलाकर घंटों बैठाया गया और रात को गिरफ्तार कर लिया।

**हाईकोर्ट ने दी सरकार को दो दिन की मोहलत**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के लामाचौड़ श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित कई अन्य कॉपरेटिव समितिओं का चुनाव नहीं कराए जाने के खिलाफ दायर विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा है कि जब कॉपरेटिव सोसाईटियों का चुनाव कार्यक्रम चुनाव कमेटी ने घोषित कर दिया है तो अब इन्हे किस आधार पर इनके चुनाव नहीं करा जाने से बाहर रखा है। इस पर अपनी आख्या कोर्ट में दो दिन के भीतर प्रस्तुत करें।

**हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण 29 तक पेश करे जवाब: हाईकोर्ट**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के खनखल ज्वालापुर रोड स्थित हरे राम आश्रम ट्रस्ट की सार्वजनिक भूमि पर बिना कोर्ट की अनुमति के अनाधिकृत रूप से आवासीय इकाइयों का निर्माण करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण और निर्माण कार्य कर रही एसोसिएट से 29 अप्रैल तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल की तिथि नियत की है।

**हाईकोर्ट ने किया जनहित याचिका को निस्तारित**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गदरपुर उधमसिंह नगर के ग्राम गोपालनगर और बालम नगर से गुजरने वाले सरकारी नाले के ऊपर अतिक्रमण करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि वे चाहे तो अपनी शिकायत संबन्धित विभाग के वहां कर सकते हैं।

### उडब्रिज स्कूल डोब के बच्चों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सीबीएसई के 10वीं के रिजल्ट में इस साल उडब्रिज स्कूल डोब भीमताल नैनीताल ने शानदार कामयाबी का परचम लहराया है।



बता दें कि बच्चों की मेहनत और तालीमी रहनुमाई ने ऐसा कमाल दिखाया कि स्कूल ने नया कीर्तिमान कायम कर दिया। कक्षा 10वीं में विद्यलय के 40 से अधिक विद्यार्थी शानदार अंक प्राप्त करने में सफल रहे। अपने बैज में रावत गांव भीमताल निवासी अवान्तिका सूर्या ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टापर छात्रा बनी है। अवान्तिका ने हिन्दी में सर्वाधिक 100 अंक प्राप्त किये हैं। अवान्तिका ने आईटी में 98, अंग्रेजी में 97, सोशल साइंस में 95 तथा साइंस में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। अवान्तिका के पिता उत्तम सिंह सूर्या नामी कंपनी में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता गृहिणी हैं। अवान्तिका भविष्य में सफल इंजी. नियर बनना चाहती हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के गुरुजनों व माता पिता को देती हैं। अवान्तिका की इस सफलता पर स्कूल के गुरुजनों तथा परिवार के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### डा. इकरामजीत मान को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वानिकी विभाग में कार्यरत रिसर्च एसोसिएट डा. इकरामजीत मान को यंग साइंटिस्ट अवार्ड से देहरादून में सममानित किया गया। उक्त पुरस्कार उन्हें तुलास विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित बायोथिंक प्लांट साइंस रिसर्च मीट में उनके प्रस्तुतीकरण पर दिया गया।

## एक नजर

### व्यापार मंडल के चुनाव व सदस्यता पर मंथन

**नैनीताल।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल तल्लीताल इकाई की चुनाव संबन्धी बैठक तल्लीताल में हुई, जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री रवैल सिंह आनंद ने चुनाव प्रभारी जगदीश साह को चुनाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ बैठक में चुनाव संपन्न कराने हेतु रूप रेखा तैयार की गई। तय किया गया कि सर्वप्रथम जो व्यापारीगण व्यापार मंडल की सदस्यता लेने से किसी भी कारणवश छूट गए थे उनके लिए सदस्यता अभियान की अवधि बढ़ाने के संबंध में निर्णय लिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश साह ने बताया के बुधवार से समिति सदस्य अभियान को पुन: सुचारू करेगी ये अभियान बुधवार 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक तल्लीताल बाजार दुकान नंबर 115 व 116 साह पुस्तक भंडार के सामने चलाया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी साह ने सभी व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा के ये सदस्यता लेने का अंतिम अवसर होगा। अत: जो भी व्यापारी गण किसी भी कारणवश सदस्यता लेने से रह गए हैं वह इस तय अवधि में निर्धारित स्थान पर पहुंच कर सदस्य ले लें। सदस्यता हेतु पूर्व में निर्धारित प्रमाणों की ही आवश्यकता होगी। बैठक में सह चुनाव प्रभारी सईब अहमद, आयुष भंडारी, प्रतीक साह तथा समिति सदस्य हर्षित बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों ने मशरूम उत्पादन के बारे में जाना

**नैनीताल।** सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल में शुक्रवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, मोहन लाल शाह बालिका इंटर कालेज, नगर पालिका बालिका इंटर कालेज ऐशडेल के छात्र तथा छात्राओं ने मशरूम ब्लॉक का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर मशरूम प्रभारी गीता बिष्ट द्वारा विद्यालय परिसर में उगाए जा रहे मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने बताया कि छात्रों द्वारा किया गया प्रयास भविष्य में और भी अधिक प्रभावी होगा। कहा कि वर्तमान में छात्रों द्वारा इसका व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा है। बीएसएसवी के प्रधानाचार्य बीएस मेहता ने कहा कि वह भी अपने विद्यालय में ऐसी ही यूनिट का निर्माण करेंगे तथा इसके लिए सीआरएसटी कालेज का सहयोग लेंगे। इस अवसर पर डा. एस एस बिष्ट, ममता जोशी, ममता विद्यार्थी, बबीता पंत, मनीष साह, ललित सिंह जीना तथा राजेश कुमार उपस्थित थे।

### खेल भावना से खेलने का किया आह्वान

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में मककार स्पोर्ट्स ग्रुप के सहयोग से खेली जा रही स्वर्गीय विकास जोशी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल शीला माउंट व विहान क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इससे पूर्व सेमीफाइनल का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने दोनों टीमों को अपनी मुबारकबाद देते हुए खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजक सचिव रवि प्रकाश जोशी ने मुख्य अतिथि समेत आमंत्रित अतिथियों का डीएसए परिवार से स्वागत किया। इस दौरान आनंद सिंह बिष्ट, शैलेंद्र बर्गली, खजान सिंह डंगवाल, भगवत सिंह रावत, मुकेश साह, लाल सिंह बिष्ट समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### डिग्री कालेज बेतालघाट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में शुक्रवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र की ओर से पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए ओरिएंटेशन (अभिविन्यास) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गई। अध्ययन केंद्र की समन्वयक डा. जयति दीक्षित ने कहा कि अभिविन्यास कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान और छात्र एक दूसरे से परिचित होकर दूरस्थ शिक्षा की बारीकियों को समझते हुए भावी भूमिका के लिए तैयार होते हैं साथ ही उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी का प्रयोग करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मुहैया जानकारी को साझा किया साथ ही शिक्षार्थियों को काउंसलिंग व असाइनमेंट प्रवेश व परीक्षा अध्ययन केंद्र आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के शिक्षार्थी पंकज सिंह नेगी तथा केवल गिरी, अनिता भंडारी, गीता तथा सपना आर्य आदि उपस्थित रहें।

### अराजकता: सड़क किनारे खड़ी बाइक फूंकी

**नैनीताल।** नैनीताल में अराजक तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मल्लीताल स्थित केव गार्डन के समीप सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को देर रात आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बीरवार को अतीक अहमद ने अपनी बाइक यूके 06-9780 केव गार्डन के पास सड़क किनारे खड़ी की थी। देर रात बाइक में आग लगने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना के बाद बाइक स्वामी ने अराजक तत्वों पर आगजनी का संदेह जताते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पर्यटन स्थल होने के बावजूद रात में पुलिस गश्त न के बराबर रहती है जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं सामने आ रही हैं लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने रात में नियमित गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# शोधार्थी सुबिया नाज़ ने दी पीएचडी की मौखिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा सुबिया नाज ने शुक्रवार को अपनी पीएचडी की मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक दी। बता दें सुबिया नाज ने अपना शोध कार्य रूरल वूमेन एंटरप्रेन्योर्स: प्रॉब्लम्स एंड प्रॉस्पेक्ट्स इन सिलेटेड माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज-ए स्टडी ऑफ रूरल वूमेन एंटरप्रेन्योर्स इन सिलेटेड ब्लाक्स ऑफ नैनीताल डिस्ट्रिट विषय पर डा. आरती पंत के निर्देशन में पूर्ण किया। मौखिक परीक्षा के दौरान परीक्षा बोर्ड के चेयरमैन के रूप में प्रो. अतुल जोशी (अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय डीएसबी परिसर) उपस्थित रहे। बाह्य परीक्षक की भूमिका दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रो. अमित कुमार सिंह ने निभाई। सुबिया की कामयाबी पर डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा.



निधि वर्मा, डा. हिमानी जलाल, डा. विनोद जोशी, डा. जीवन उपाध्याय, डा. पूजा जोशी, डा. तेज चंद्र प्रकाश, डा. रितिशा शर्मा, डा. मेराज हुसैन, डा. तावेश तथा अमनदीप, शोध छात्र पंकज भट्ट, दीक्षा पंत, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल, राधा देवी और विशन चंद्र सहित अन्य सहपाठियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। सुबिया नाज ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने समस्त गुरुजनों, माता-पिता को दिया है।

### स्वास्थ्य व अधिकारों पर खुला संवाद

**नैनीताल।** जिले में किशोर/किशो. रियों के स्वास्थ्य और अधिकारों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। मल्लीताल स्थित सेवा समिति हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्यए मानसिक स्थितिए व्यवहार और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विमर्श संस्था की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बेतालघाट और कोटाबाग ब्लॉक से पहुंचे करीब 60 किशोर किशोरियों ने भाग लिया। संस्था समन्वयक कंचन भंडारी ने बताया कि संवाद के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिका. रियों ने भी किशोरों को जरूरी जानकारी दी जबकि हेम जलाल ने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# हवा में फंसे लोगों का रेस्क्यू अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित रोपवे पर शुक्रवार को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की ओर से संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल का उद्देश्य तकनीकी खराबी की स्थिति में हवा में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालने की तैयारियों को परखना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान परिदृश्य तैयार किया गया कि रोपवे अचानक सात नंबर स्टाफ हाउस के समीप रुक गया है जिसमें चार पर्यटक सवार हैं। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ , एसडीआरएफ और फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टीमों ने रस्सियों के सहारे यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारकर प्राथमिक




उपचार दिया और उन्हें अस्पताल भेजा। द्वितीय कमांडर राजेश जोशी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य तकनीकी खराबी के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता को परखना और टीमों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। इस मौके पर इंस्पेक्टर फार्मासिस्ट सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल चंद्र बहादुर थापा, नरेश, पुष्कर, फूल सिंह, एसआई मनीष भाकुनी, एसआई भावना बिष्ट, हेड कांस्टेबल महेंद्र भंडारी, चंदन रौतेला, जगदीश बिष्ट, अमन कुमार, सतीश पांडेय, भुवन चंद्र जोशी, रोहित कुमार सहित अग्निशमन विभाग के एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी, एलएफ एम प्रकाश मेर, डीवीआर महेश जोशी, एफएम आनंद गिरी, विवेक थापा और किशोर फर्त्याल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पिकअप बुलेरो से टकराई

## टक्कर के बाद मकान की दीवार तोड़ी, ब्रेक फेल होने से हादसा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल कलेक्ट्रेट रोड में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। बता दें शेरवुड क्षेत्र से शादी का सामान लेकर तल्लीताल की ओर आ रही एक पिकअप यूए 01 टीए 3126 के पुलिस लाइन के पास अचानक ब्रेक फेल हो गए जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। स्थिति बिगड़ते देख हल्द्वानी निवासी चालक मदन राम ने पिकअप को नियंत्रित करने के लिए स्टेयरिंग मोड़कर कालेज रोड की ओर घुमाने की कोशिश की लेकिन पिकअप सामने खड़ी बोलेरो यूके 18 डी 3237 से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो क्षतिग्रस्त हो



गई और पिकअप उसे धकेलते हुए सामने स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर से बोलेरो वाहन और मकान दोनों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग बाल-बाल बच गए। घटना के संबंध में बोलेरो स्वामी चक्रधर भट्ट ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल कोतवाली के प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक ने ब्रेक फेल होने की बात कही है। चालक ने नुकसान की भरपाई करने की सहमति भी जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जंगल में रात भर धधकती रही आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती बल्दियाखान वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास बीरवार को लगी जंगल की आग पर भले ही दोपहर तक काबू पा लिया गया था लेकिन देर शाम के बाद एक बार फिर हालात बिगड़ गए। जंगल क्षेत्र में सूखे पेड़ और पुराने खूंट रातभर सुलगते रहे आवासीय क्षेत्र की ओर बढ़ी आग को भी वन विभाग ने बमुश्किल रोका। रात के समय तेज हवा और सूखी वनस्पति के कारण आग ने कई स्थानों पर फिर से विकराल रूप ले लिया। जंगल से उठती लपटें आबादी के नजदीक पहुंचने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। वन विभाग की टीम देर रात तक मौके पर डटी रही और बामुश्किल देर रात आग पर काबू पाया।

# लोक संस्कृति, वीरगाथाओं को मिला सजीव मंच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं वीरगाथाओं को सजीव मंच पर प्रस्तुत करने के विशेष उद्देश्य से मकसद संस्था रंगमंडल ग्रुप उत्तराखंड के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रसिद्ध लोकनाट्य अजूबा बफौल का भव्य मंचन भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के सभागार में किया गया। बता दें कार्यक्रम का कुशल निर्देशन हेमा बिष्ट द्वारा किया गया जिनके मार्गदर्शन में नाटक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। काबिलेगौर है कि यह नाटक गढ़ चंपावत की ऐतिहासिक लोकगाथा पर आधारित है जिसमें 22 वीर भाइयों की अद्वितीय एकता, साहस और बलिदान की गाथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और लोक आस्था का सुंदर चित्रण देखने



को मिला। नाटक में कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक में अजूबा बफौल (गौरव कुमार), अजूबा बफौल के भाई (चंदन मेहरा, महेश आर्य, कृपाल ध्यानी, देव, पंकज, नितिन नेगी) राजा (पंकज कुमार), रानी (नीलम रानी, दासी (लवी बिष्ट, अंजलि, ज्योति उप्रेती एवं गंगा रावत), मल पहलवान (हैरी, सचिन, करण), माता (अजूबा बफौल की) गुंजन बिष्ट जबकि बांसुरी वादन (कैलाश कुमार एवं गौरव जोशी) रहे। सभी कलाकारों ने संवाद अदायगी, भाव प्रदर्शन एवं मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से नाटक को जीवंत बना दिया और दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने नाटक की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इसे उत्तराखंड की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा, संगीत एवं प्रकाश व्यवस्था ने प्रस्तुति को अत्यंत प्रभावशाली बनाया। अंत में संस्था द्वारा सभी कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन न केवल मनो. रंजन का माध्यम बनाए बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास भी सिद्ध हुआ। अंत में हेमा बिष्ट ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और विद्यालय प्रबंध का अभार प्रकट किया।

# ब्लॉक प्रमुख बिष्ट ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## नाईसिला में जनता की समस्याओं को भी और समाधान का भरोसा दिलाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को देवीधुरा, पटवाडांगर, बोहरा गांव तथा बेल में निर्माणाधीन विकास कार्यों एवं पीएमजीएसवाई मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाईशिला में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु शि. विर का आयोजन भी किया। इस दौरान डा. बिष्ट ने मौके पर मौजूद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त स्थानों को एक माह में सड़क की तत्काल मरम्मत और गुणवत्तापूर्ण सुधारीकरण कार्य शुरू करने के कड़े निर्देश दिए। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस मार्ग के डामरीकरण और सुरक्षा दीवारों के निर्माण की मांग की जिस पर ब्लॉक



प्रमुख ने त्वरित कार्रवाई का आश्वा. सन दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कनेटिविटी बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है और इस मार्ग के सुधरने से बोहरागांव तथा बेल और नईशिला जैसे दूरस्थ गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। प्रमुख डा.बिष्ट ने बोहरागांव में ग्राम पंचायत, कृषि विभाग के निर्माणाधीन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। तय समय में गुणवत्ता युक्त कार्य करने को कहा। बोहरागांव नाईशिला के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को भी कोसा कहा कि आधी तू ान तो दूर गांव में समय समय पर विद्युत की आपूर्ति ठप रहती हैं। जंगल से आ रही लाइन को मुख्य मार्ग से करने की मांग रखी। डा. बिष्ट ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता को बसानी से नाइसिला बेल विद्युत लाइन को मुख्य मार्ग के किनारे लाने के निर्देश दिए। प्रमुख ने मोना बाना में अल्पसंख्यक मद पेयजल विभाग 18 लाख खर्च करने के बाद भी एक माह पानी नहीं पिला सका क्षेत्र के ग्रामीणों ने पेयजल की सुचारू व्यवस्था करने की मांग रखी जिस पर प्रमुख ने 15 दिनों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश विभाग को दिए। सिंचाई विभाग को गांव में सिंचाई की नहर की स्फाई एवं नहर को मरम्मत करने को कहा जिस पर विभाग के अधिकारी ने मई माह के प्रथम सप्ताह में कार्य करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग एवं उद्यान विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के उपस्थित न होने पर नाराजगी जताई। प्रमुख ने विभागों से अधिकारियों के नहीं आने पर स्पष्ट करने के लिए कहा। प्रमुख ने कहा धरातल पर देखकर मेरा प्रयास है किसी एक विभाग को आदर्श विद्यालय बनाना पर निरीक्षण के दौरान विभाग का न आना कही न कही सरकारी शिक्षा के प्रति जिम्मेदार अधिकारी की गैर जिम्मेदारी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगी विभाग से इसका स्पष्ट कारण मांगा जाएगा। इस दौरान गांवों के जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत फरार वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत नैनीताल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया। बता दें डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारंटी संतोष कुमार निवासी ग्राम गहलना तोक सिलमोड़िया को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 171 व 174 तथा आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को मनु महारानी होटल के पास से दबोचा। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी में मंगोली चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विजय कुमार और कांस्टेबल संजीत राणा की टीम में मौजूद रहे।

# गैस वितरण में अनियमितता पर सभासद का धरना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में गैस वितरण में हो रही घोर अनियमितता के विरोध में नगर पालिका परिषद के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने शुक्रवार को एक घंटे तक गैस कार्यालय के समक्ष धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह फिर आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। मामले को लेकर उन्होंने बाद में गैस प्रबंधक पर्वत गैस एजेंसी को ज्ञापन भी सौपा। सभासद जगाती के मुताबिक एजेंसी की ओर से होम डिलवरी के पैसे लेने के बाद भी जनता को सुबह से लेकर शाम तक गैस सिलेंडर हेतु लाइन पर खड़ा होना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर गैस वितरण का भी कोई समय नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जनता गैस लेने के लिए नहीं आए तो उसकी डिलवरी कभी होगी ही नहीं। कहा कि जनता पहले डीएसी नंबर के लिए तरस रही है उसके बाद अब गैस वितरण के लिए। जगाती का कहना है एक ओर डीएम जनता से गैस के लिए भीड़ न लगाने की बात कह रहे हैं वही दूसरी ओर गैस लेने के लिए इतनी भीड़ उमड़ रही है कि उनके आदेश बौने साबित हो रहे हैं। धरने में सभासद जगाती के साथ समर्थन परवेज आलम व फरहान महमूद भी बैठे।



# कोलकाता ने गुजरात को 181 का टारगेट दिया

### कैमरन ने 55 बॉल पर 79 रन बनाए, कगिसो रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 25वें मैच में गुजरात टाइटंस को 181 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केकेआर ने बैटिंग चुनी। कोलकाता 20 ओवर में 180 पर आलआउट हो गई। जवाबी पारी में गुजरात ने पहले ओवर में बिना नुकसान के 3 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। कैमरन ग्रीन ने सीजन की पहली फिफ्टी लगाई। उन्होंने 55 बाल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान



को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी बाल पर कैमरन ग्रीम 79 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। इसी के साथ कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर आलआउट हो गई। 19वें ओवर में कोलकाता ने 9वां विकेट गंवाया। यहां कार्तिक त्यागी 6 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने जोस बटलर के थ्रो पर नान स्ट्राइक पर रनआउट किया। 18वें ओवर की तीसरी बाल पर कोलकाता ने 8वां विकेट गंवाया। यहां पर सुनील नरेन जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां पर रमनदीप सिंह (17 रन) को अशोक शर्मा ने सिराज के हाथों कैच कराया। अशोक शर्मा को दूसरा विकेट मिला है। 16वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर रिंकू सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। रबाडा की गुड लेंथ बाल बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में चली गई। रबाडा को तीसरा विकेट मिला है। इसी ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा भी पार किया। 15वें ओवर में कोलकाता ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल प्रसिद्ध कृष्णा ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। अनुकूल राय एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर से शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 9 रन ही बना सके, लेकिन कैमरन ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की पार्टनरशिप कर गए। 14वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने राशिद खान की बाल पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई। उन्होंने पहली बाल पर छक्का लगाया। उसके बाद अगली दो बाल पर दो चौके लगाए दिए। राशिद के इस ओवर से 17 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने अशोक शर्मा की बाल पर छक्का लगाया। जोकि मैदान के अंदर खड़ी डिस्प्ले कार पर लगा। ग्रीन ने गुड लेंथ की स्लोअर बाल को डीप बैकवर्ड पाइंट की दिशा में खेला था। अशोक के इस ओवर से 19 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। उन्हें 34 बाल लगी। उन्हें कोलकाता ने पिछली नीलामी ने 25 करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदा था। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

# हैदराबाद के आतिशी व सैमसन की स्थिरता के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद, वार्ता।** आज रात हैदराबाद में, जब माहौल थोड़ा तनावपूर्ण है, एक ऐसा मुकाबला खेला जा रहा है जो लीग मैच से कहीं अधिक क्रिकेट के दो दर्शनों की शांत परीक्षा है - एक पुराना और आजमाया हुआ, दूसरा नया और अभी भी अपने आप से जूझ रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स एक ऐसी संस्था की तरह मैदान में उतरी है जो संन्यास लेने से इनकार करती है।

रुतुराज गायकवाड़ निरंतरता का भार लेकर टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, वहीं इस सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले संजू सैमसन बल्लेबाजी में ऐसी शालीनता दिखाते हैं जैसे उन्हें घबराहट में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनके साथ, आयुष म्हात्रे युवा जोश और प्रतिष्ठा की परवाह न करते हुए बेखौफ होकर खेलते हैं, डेवाल्ड ब्रेविस अपनी अनूठी रचनात्मकता से सबको प्रभावित करते हैं, सरफराज खान दृढ़ निश्चय के साथ खेलते हैं, और शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स की उस जानी-पहचानी लय को बनाए रखते हैं जो पारी को लयबद्धता की नहीं, बल्कि विराम चिनों की जरूरत होने पर काम आती है। उनके पीछे, प्रशांत वीर एक शांत और उपयोगी गेंदबाज के रूप में मौजूद हैं,

जेमी ओवर्टन अंग्रेजी शैली की वह बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करते हैं जो सीएसके के लिए हमेशा उपयोगी रही है, नूर अहमद एक कुशल गेंदबाज की तरह धैर्यपूर्वक स्पिन गेंदबाजी करते हैं, अंशुल कंबोज बढ़ते आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करते हैं, और गुरजपनीत सिंह उस गेंदबाजी इकाई को पूरा करते हैं जिसने केवल आक्रमण करने के बजाय टिके रहना सीख लिया है। बेंच से, अकील हुसैन प्रभाव डालने वाले विकल्प के रूप में तैयार हैं - एक ऐसा गेंदबाज जो बिना आवाज उठाए अपना मिजाज बदल लेता है। इसके विपरीत, सनराइजर्स हैदराबाद एक ऐसी टीम के रूप में आई है जिसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह खुद का कौन सा रूप पसंद करती है। अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में लय बनाते हैं - कभी विस्फोटक, कभी अपनी महत्वाकांक्षा के कारण समय से पहले आउट हो जाते हैं। उनके बाद ट्रैविस हेड आते हैं, जो समान रूप से विनाशकारी या निराशाजनक प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। कप्तान ईशान किशन जिम्मेदारी और आजादी दोनों निभाते हैं, ऐसे बल्लेबाजी करते हैं जैसे हर पारी एक ऐसी बहस हो जिसे उन्हें जीतना ही है। उनके मध्य क्रम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन सबसे सटीक गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा युवा आक्रामकता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो संरचना खोजने की कोशिश कर रही है।

## खेल विशेष

### मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है। यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा हैद्ध पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन (जो चौथा दर्जा है) से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना ष्क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल और संस्थागत, दोनों तरह की तरक्की को बढ़ावा देना, इसकी नींव को मजबूत करना और नई प्रतिभाओं में लगातार निवेश करना है। बयान में आगे कहा गया।

### ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद उबेर कप से हटीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष महिला युगल जोघी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, ट्रीसा की चोट के कारण उबेर कप फाइनल्स 2026 में हिस्सा नहीं लेंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी जगह श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम को टीम में शामिल किया गया है। उबेर कप में भारतीय महिला टीम मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप-ए में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीमें हैं। भारत उबेर कप के पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था।

### शुभंकर ने जीता पहला बोल्डर्स क्लासिक खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभंकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बोल्डर्स क्लासिक का खिताब अपने नाम किया। दिसम्बर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट पर वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अपने अनुभव और क्लास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शर्मा का दबदबा कायम रहा। उन्होंने अपनी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और शांत स्वभाव के दम पर कोर्स को लगातार नियंत्रित किया। उनके प्रत्येक दिन के स्कोर ने उनके प्रदर्शन को दर्शाया-पहले दिन उन्होंने छह अंडर 66 का संयमित स्कोर बनाया, जिसके बाद दूसरे दिन भी छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने हाफवे स्टेज पर दो शॉट की बढ़त बना ली। तीसरे दिन शर्मा ने पूरी तरह नियंत्रण दिखाते हुए आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल थी।

# बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें



**बेंगलुरु, वार्ता।** चिन्नास्वामी में विराट कोहली बनाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं होता। यह उम्मीदों, यादों और उस खामोश हार को मान लेने की भावना से भरा होता है, जो पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही मेहमान टीमों पर छा जाती है। आरसीबी पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर है, पांच में से चार मैच जीत चुकी है,

और उस टीम जैसा थोड़ा-सा घमंड भी रखती है, जिसे अब खुद पर भरोसा होने लगा है। अपने घरेलू मैदान पर अजेय रहते हुए, वे चिन्नास्वामी की सिर्फ रक्षा ही नहीं करते, बल्कि उसे अपना घर मानते हैं। यह मैदान, अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजों के लिए मददगार आसमान के साथ, एक वेन्यू से ज्यादा उनकी बैटिंग लाइनअप का ही एक हिस्सा लगता है। विराट कोहली, पांच पारियों में 57 की औसत और लगभग 160 के स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाकर, इस सब के केंद्र में हैं। न तो जोर-शोर से, न ही नाटकीय अंदाज में, बल्कि उस शांत आत्मविश्वास के साथ, जो किसी ऐसे खिलाड़ी में होता है जिसने इस लीग के हर रूप को देखा हो और पाया हो कि उनमें से ज्यादातर रूप दोहराए जाते हैं। उनके आस-पास, रजत पाटीदार 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं, मानो समय कोई ऐसी चीज हो जिसे सम्मान देने के बजाय पूरी तरह से इस्तेमाल कर लेना चाहिए। फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड मिलकर एक ऐसी बैटिंग लाइनअप बनाते हैं, जो एक क्रम से ज्यादा एक के बाद एक आने वाले तूफानों जैसी लगती है। दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है, चार में से दो मैच जीते हैं, और उनका हालिया इतिहास थोड़ा उनके खिलाफ रहा है। वे कोई कमजोर टीम नहीं हैं, वे बस अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनका क्रिकेट अक्सर उम्मीदों के साथ शुरू होता है और सवालों के साथ खत्म होता है। समीर रिजवी ने चार मैचों में 55-33 की औसत से 166 रन बनाकर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

### कोहली को रोकने के लिए अक्षर को थामनी होगी नई गेंद

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2026 में शनिवार के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं डीसी चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि डीसी को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है। पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो डीसी के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर,कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। अक्षर ना सिर्फ शुरुआती बल्कि बाद के ओवरों में भी इस मैच में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। उन्होंने टिम डेविड और जितेश शर्मा को दो-दो बार आउट किया है। जितेश उन पर सिर्फ 87 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# श्रेयस अय्यर भारतीय टी-20 टीम में सीधे आने के लायक हैं: चावला

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने आईपीएल 2026 में अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 रन बनाए हैं। यह उन कारणों में से एक हैं, जिसकी वजह से पंजाब किंग्स इस समय चार जीत और एक वॉशआउट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। उनकी हालिया शानदार पारी के बाद आरोन फिच के पास उनकी तारीफ के लिए शब्द कम पड़ गए।

पंजाब की मुंबई इंडियंस पर जीत के बाद फिच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में कहा कि उन्हें खेलते देखकर हैरानी होती है कि वह कितने अच्छे हैं। उन्होंने पिछले और अभी के आईपीएल के बीच कोई टी20 मैच नहीं खेला और फिर भी उन्होंने शुरुआत से ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उनकी कप्तानी शानदार है। यह देखकर हैरानी होती है कि वह भारत के लिए और ज्यादा क्रिकेट क्यों नहीं खेलते। वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं और देखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। वह गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करते।

विकेट के दोनों तरफ खेलते हैं, फ्रंट फुट और बैक फुट दोनों पर शानदार हैं। अब उन्होंने अपने खेल के उस हिस्से को काफी सुधार लिया है। जहां पहले लगता था कि शॉर्ट गेंद पर उन्हें रोका जा सकता है या आउट किया जा सकता है, अब वह उसे भी नियंत्रण के साथ खेलते हैं। फिच के साथ बैठे पीयूष चावला मानते हैं कि अय्यर को टीम में होना चाहिए। चावला ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह सीधे टीम में आते। वह मध्य क्रम के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके पास क्रिकेटिंग दिमाग है, वह टीम को लीड भी कर सकते हैं। भविष्य के लिए देखें तो वह जरूर टीम में जगह बनाते हैं। 2025 की शुरुआत से आईपीएल में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले 22 बल्लेबाजों में उनका स्ट्राइक रेट तीसरा सबसे ज्यादा है। अभिषेक शर्मा और उनके टीममेट प्रियांश आर्य उनसे ऊपर हैं। इस दौरान उनका औसत भी तीसरा सबसे बेहतर है।

### हमें कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे और जिम्मेदारी लेनी होगी: हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 में लगातार चौथा मैच हारने के बाद उनके कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि टीम को अपनी कस्मित बदलने के लिए कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : 974/4-स0-स्वा0 अनु0/2026 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 17/04/2026

नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें के कार्य हेतु नियमों के अनुसार योग्य, अनुभवी एवं पंजीकृत संस्थाओं/फर्मो से दिनांक 18-04-2026 को अपराह्न 3बजे से दिनांक 28-04-2026 को अपराह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि व समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की तकनीकी निविदाएं दिनांक 28-04-2026 को अपरा 3 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा नियम, शर्ते/निर्देशों के अनुसार तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा **Website- http://www.uktenders.gov.in** पर ऑन लाईन अपलोड की जा सकी है।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें का कार्य। | 50,000=00 | 2500+450=2950 | एक वर्ष |

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

(मो0अकरम)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद,रामनगर।



**कार्यालय उपजिलाधिकारी रामनगर, जिला-नैनीताल।**

संख्या- 740/सी.ए./ रिवर ड्रेजिंग प्रका0/2025-26 दिनांक: 17 अप्रैल, 2026

**-: संशोधन अल्पकालीन खुली नीलामी सूचना :-**

दिनांक 09.04.2026 को प्रकाशित विज्ञप्ति में तहसील रामनगर अन्तर्गत जमा मलवा/आर0बी0एम0/सिल्ट की सफाई खुली नीलामी की कार्यवाही दिनांक 26 अप्रैल, 2026 को अपरान्हन 03:00 बजे सम्पन्न की जानी थी, उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 27.04.2026 को खुली नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी। शेष यथावत रहेगा।

(गोपाल सिंह चौहान)
उपजिलाधिकारी, रामनगर।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
**कार्यालय अधिशासी अधियन्ता**
विद्युत वितरण खाण्ड, किच्छा (उधमसिंह नगर) - 263148
E-mail: eddkichha@gmil.com

पत्रांक : 169/वि0वि0खा0 (कि0)/ दिनांक : 17/04/2026

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 205/217 के अन्तर्गत विधान सभा किच्छा शहर में आदित्य चौक से डी0डी0 चौक से होते हुए दरऊ चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौन्द्रीयकरण कार्य हेतु यूटीलिटी शिफ्टिंग का कार्य होना प्रस्तावित है। जिसमें सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 33के0वी0 एस0आर0होण्डा | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले घरेलु, वाणिज्य एवं औद्योगिक पोषक | 19.04.2026 | प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, कुरैया, किच्छा | 33के0वी0 कुरैया (सी0बी0 - 10 नं0) | | | |
| 3 | | 33के0वी0 के0एम0 पेपर मिल, कुरैया | | | |
| 4 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पन्तनगर | 33के0वी0 पन्तनगर (सी0बी0 - 06 नं0) | | | |
| 5 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 11के0वी0 टाउन द्वितीय पोषक | | | |
| 6 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, कुरैया, किच्छा | 11के0वी0 मिलक पोषक | | | |
| 7 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान जी0आई0एस0 किच्छा | 11के0वी0 टाउन तृतीय पोषक | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
(राष्ट्र हित में बिजली बचायें)
**"Save Electricity in the interest of Nation"** अधिशासी अधियन्ता



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि./ यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक : 50/51/ ग्रा.नि.वि./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक 17.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 04/अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 05**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-08 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 30.04.2026 को अपरान्ह् 12:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह् 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 29.04 2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून से किया जायेगा तथा क्र.सं. 02 पर अंकित निविदा दिनांक 27.04.2026 को अपराह्न 12.00 बजे को कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, भीमताल नैनीताल में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे खोली जाएगी। जिसका विक्रय 25.04.2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, भीमताल नैनीताल से किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस. टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ADDITONAL WORK OF CENTRAL AC SYSTEM & PENEL INSTALLATION AT MRI ROOM CCB HOSPITAL CHAMPAWAT में 125 KVA DG Set स्थापना का कार्य। | 20.50 | रू० 61,500.00 | 2000.00 +18%GST | 01 माह | 45 दिन | मूल निर्माता / अधिकृत विक्रेता |
| 2 | जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में क्रिकेट पिच व पार्टिशन हेतु चैन लिंक फेसिंग में स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य तथा गार्ड कक्ष व शैड में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | रू० 11,63,555.00 | रू० 35,000.00 | 1500.00 +18%GST | 12 माह | 45 दिन | - |

**-: निविदा की शर्तें:-**

**नोट:-** 1. उक्त कार्यों की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉं०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में निविदा विक्रय तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

( इं. तहसीन अहमद )
अधिशासी अभियन्ता, ( वि./यॉ. )
ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून

### आगामी चारधाम यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर

# डीएम-एसएसपी ने किया नारसन बॉर्डर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार पूरी गंभीरता से कदम उठा रही है। तीर्थ यात्रियों की हर स्तर से सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सभी जिलाधिकारियों को सरकार द्वारा कडे निर्देश दिये हैं जिसके तहत आज जिलाधिकारी मयूर दीक्षीत व एसएसपी नवनीत सिंह ने नारसन बार्डर पहुंचकर बार्डर पर आने वाले सभी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा के लिए भौतिक निरीक्षण किया और अनेक राज्यों से चारधाम यात्रा को आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था



**❖ग्रीन कार्ड काउन्टर की व्यवस्थाओं को लिया जायजा, यात्रियों को टायलेट व आराम करने की भी व्यवस्था के निर्देश**

चाकचौबंद करने के लिए अधिनस्थ अधिकारियों को कडे निर्देश दिये। डीएम एसएसपी ने इस दौरान तमाम व्यवस्थाओं को गहनता से जांचा परखा ओर सुरक्षा के मद्देनजर कडे प्रबंध करने की हिदायत दी गयी। कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आने वाले किसी भी यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसका भी विशेष ख्याल रखा जाये। एसएसपी नवनीत सिंह ने तमाम पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कडे प्रबंध करने के निर्देश दिये। इस दौरान अधिकारियों ने बाडर पर ग्रीन कार्ड सेंटर का निरीक्षण किया। वहीं श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल टायलेट की सुविधा को एसी भवन तैयार किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों के निर्देशित किया यात्रियों को ग्रीन कार्ड जारी करने को पर्याप्त काउन्टर की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जेएम दीपक रामचंद्र सेठ, एआरटीओ जितेंद्र सिंह, कृष्ण चंद, केके ब्रिजवान आदि मौजूद रहे।

## चौथी मंजिल पर लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** फायर स्टेशन रुड़की, जनपद हरिद्वार को गुरुवार शाम लगभग 4:15 बजे वाहन अग्निकांड संबंधी सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई और समयबद्ध रिस्पांस के चलते एक बड़ी दुर्घटना होने से टाल दी गई। घटनास्थल संकरी गली में स्थित एक गोदाम की चौथी मंजिल पर था, जिससे राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाई आई। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर 5 होज पाइप और होज रील फैलाकर पंपिंग शुरू की। गोदाम में रखी रुई, फोम, गद्दे, वायरिंग फिटिंग और अन्य ज्वलनशील सामान में भीषण आग लगी हुई थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया तथा आसपास के आवासीय भवनों को भी जलने से सुरक्षित बचा लिया गया।आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया तथा धुएं और गर्मी के कारण दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। गोदाम स्वामी मोहम्मद शाहिद निवासी मोहल्ला माहीग्रान, कोतवाली सिविल लाइन रुड़की ने आग से लाखों रुपये के नुकसान की जानकारी दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## दसवीं में शुमैला जहां ने 98 प्रतिशत अंक लाकर किया परिवार का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में शुमैला जहां ने 98% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साऊथ सिविल लाइंस निवासी शुमैला जहां के पिता सलीम अहमद सेना में हवलदार हैं। शुमैला जहां ने अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और एआई में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कुल 600 में से 588 अंक प्राप्त करने वाली शुमैला जहां अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और टीचर्स को दे रही है। भविष्य के बारे में उसका कहना है कि अभी मेरा



पूरा ध्यान कक्षा 12 की परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर रहेगा। उसके बाद कॉम्पिटिशन के द्वारा देश सेवा का रास्ता चुनना मेरा लक्ष्य है।

# सीबीएसई परीक्षा में एपीएस-1 के छात्रों का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीबीएसई परीक्षा में आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। दिनांक 15 अप्रैल 2026 सीबीएसई परीक्षा-1 का परिणाम आते ही विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिकतर विद्यार्थियों के 90% से ऊपर अंक रहे।

जानकारी के अनुसार सोमाइला









जहां ने 98%6 अंकों के साथ विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा होने का सम्मान प्राप्त किया। वही सोमदीप हलदर ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही पूजा चौधरी ने 98% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता तथा शिक्षकों का सिर गर्व से ऊंचा उठा दिया। परिणामों से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में खुशी की लहर है।

# मॉन्टफोर्ट स्कूल मे 10वीं के छात्रों नें लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मॉन्टफोर्ट स्कूल रुड़की के छात्र-छात्राओं ने 10वीं के सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में फिर एक बार जबरदस्त सफलता प्राप्त की। गत अनेक वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

रुड़की नगर के प्रतिष्ठित मोनफोर्ड स्कूल गत अनेक वर्षों से लगातार नगर में अपने अच्छे, उत्तम और प्रशंसनीय परीक्षा परिणामों के लिये चर्चा का केन्द्र रहा है।विद्यालय के छात्र श्रवींन त्लीपस मद ने सर्वाधिक 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की वही 98.4 अंक लेकर अवनि कौशिक व 98 अंक एकांश 97.6 अंक अर्पित गुप्ता व इशिका सरकार नें 97.4 अंक व बारनाली मिश्रा व 97.2 अंक रूपयान घोष व 97.2 अर्णव अतुल व 97.2 अंक अब्दुस समध व अन्य कई छात्र छात्राये बेहतरीन अंक पाकर विद्यालय एवं रुड़की नगर का मान बढ़ाया है। विद्यालय में हर तरफ खुशी का वातावरण छाया हुआ है। अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सभी विधार्थियों को उनके अच्छे परीक्षा परिणामों के लिये बधाई दी।

स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रदर अल्बर्ट अब्राहम ने सभी छात्रों को मिष्ठान खिलाकर अपना शुभाशीष दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये मंगल प्रार्थना करते एवं शुभकामनायें दी। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य एवं





अपने अध्यापकों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ब्रदर अल्बर्ट अब्राहम ने कहा कि विद्यालय परिवार के भरसक प्रयासों से आज विद्यालय के छात्र-छात्रायें श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम एवं उत्तम संस्कारों को प्राप्त कर रहे हैं। आज विद्यालय के छात्र-छात्रायें देश-विदेश में विद्यालय, परिवार व अपने नगर का नाम आलोकित कर सम्मान बढ़ा रहे हैं।

## मानदेय बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** मानदेय बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 1 अप्रैल से ब्लॉक लक्सर सभागार में लगातार धरना दिया जा रहा है आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बताया गया कि हमने संबंधित मंत्री रेखा आर्य से देहरादून में संपर्क कर मांग पत्र देने की मांग की थी लेकिन संबंधित मंत्री के द्वारा हमारा मांग पत्र भी नहीं लिया गया और हमें वहां से गाड़ियों में भूस की तरह भर के बाहर भिजवा दिया उन्होंने कहा हमने बी एल ओ का काम भी बंद कर दिया है और अन्य काम भी हमारे द्वारा बंद रखे जाएंगे क्योंकि हमारे ऊपर काम का बोझ तो ज्यादा है और हमारा मानदेय कम है जब तक हमारा मानदेय नहीं बढ़ाया जाएगा तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा उन्होंने कहा सरकार के द्वारा हमसे ₹300 मानदेय में से भी काट लिए जा रहे हैं जो गलत है वह भी नहीं कटने चाहिए उन्होंने कहा अगर सरकार को जिद है कि हमारा मानदेय नहीं बढ़ाया जाएगा तो हमें भी जिद है हम भी जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएंगे तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और कार्य पूर्ण बंद रहेगा

## खाद की कालाबाजारी का खेल बेनकाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** किसानों के हक की यूरिया खाद पर कालाबाजारी का काला खेल उजागर हुआ है। रात के अंधेरे में गन्ना समिति के गोदाम से यूरिया की बोरियां ट्रक में भरकर बाहर बेचने की साजिश रची जा रही थी, लेकिन किसानों की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी ने इस पूरे खेल का पर्दाफाश कर दिया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसानों के हक की खाद पर डाका डालने वाले असली चेहरे कौन हैं देखिए यह विशेष रिपोर्ट रात के अंधेरे में सफेद सोनेश की तस्करीएक तरफ किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं और अपनी फसलों को बचाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं वहीं दूसरी तरफ लक्सर गन्ना समिति में भ्रष्टाचार का नंगा नाच देखने को मिला यहाँ किसानों के हिस्से की यूरिया खाद को चोरी-छिपे बाहर भेजने की तैयारी थीघटना का विवरण मिलीभगत सूत्रों के अनुसार, गन्ना समिति के दो कर्मचारियों की मिलीभगत से गोदाम से यूरिया की बोरियां ट्रक में लादी जा रही थीं तस्करी का रूट इस खाद को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ऊंचे दामों पर बेचने की योजना थी किसानों का धावा जैसे ही इस अवैध गतिविधि की भनक स्थानीय किसानों को लगी सैकड़ों की संख्या में किसान मौके पर पहुंच हंगामा शुरू कर दिया

# ग्रीन टैक्स बना आम आदमी पर आर्थिक बोझ : पूजा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** कांग्रेस नेत्री पूजा गुप्ता ने उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्यहै की सीमाओं पर लगाए गए 'ग्रीन टैक्स' को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह टैक्स अब आम जनता के लिए आर्थिक बोझ बनता जा रहा है और सीमावर्ती शहर रुड़की के लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूजा गुप्ता ने कहा कि मूल रूप से यह टैक्स प्रदेश में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए लागू किया गया था, लेकिन वर्तमान में इसकी मार स्थानीय परिवारों और व्यापारियों पर पड़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अपने घर आने वाले बच्चों को भी 'पर्यटक' माना जाएगा? रुड़की और हरिद्वार क्षेत्र के अनेक परिवारों के बच्चे सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और दिल्ली जैसे शहरों में शिक्षा



और रोजगार के लिए रहते हैं। सप्ताहांत पर जब वे अपने माता-पिता से मिलने आते हैं, तो उन्हें ग्रीन टैक्स देना पड़ता है, जो अनुचित है।उन्होंने आगे कहा कि देवबंद, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी और नागरिक अपने कार्यों के लिए रुड़की आते हैं। बार-बार लगने वाला यह टैक्स स्थानीय व्यापार, आपसी लेन-देन और आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण रुड़की की सामाजिक और आर्थिक संरचना पड़ोसी राज्यों से गहराई से जुड़ी हुई है।पूजा गुप्ता ने सुझाव दिया कि यदि सरकार को यह टैक्स लागू रखना ही है तो इसकी सीमा हरिद्वार के बाद निर्धारित की जानी चाहिए, ताकि स्थानीय और पारिवारिक आवाजाही प्रभावित न हो। उन्होंने कहा, "राजनीति मेरे लिए केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है। रुड़की की भौगोलिक स्थिति और यहां के निवासियों की पारिवारिक एवं व्यापारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रीन टैक्स की नीति में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए।"अंत में उन्होंने सरकार से मांग की कि स्थानीय और पारिवारिक आवागमन को ग्रीन टैक्स के दायरे से बाहर रखा जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# राज्य कर विभाग ने व्यापारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** राज्य कर विभाग, उत्तराखंड (रुड़की) द्वारा स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभाग के डिप्टी कमिश्नर मानवेंद्र सिंह एवं डिप्टी कमिश्नर अर्जुन सिंह राणा ने उपस्थित व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठानों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया।

अधिकारियों ने कहा कि व्यापारी वर्ग समाज का महत्वपूर्ण अंग है और बाजार की स्वच्छता बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान पर गंदगी न फैलने दें, ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें तथा स्वच्छता कर्मियों के



साथ सम्मान और सहयोग का व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि "हमारा घर, हमारा मोहल्ला और हमारा बाजार हम सभी का है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।" अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2014 से देशभर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान को निरंतर गतिमान बनाए रखने के लिए सामूहिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक के उपरांत सभी उपस्थित व्यापारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नवीन गुलाटी, संयोजक रामगोपाल कंसल, महानगर अध्यक्ष धीर सिंह, महानगर महामंत्री दीपक अरोड़ा, महानगर महामंत्री कविश मित्तल, जिला अध्यक्ष अनुज अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, जिला महामंत्री आदर्श कपानिया, सार्थक छाबड़ा, वसीम राजा, भाजपा अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सौरभ सिंघल, केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप शर्मा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

**आवश्यक-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्रवधू कृतिका पत्नी विशाल व उसके पिता विनोद यादव निवासी रंजीतनगर सहारनपुर व उसकी बुआ अनिता निवासी डाक पत्थर देहरादून संपत्ति को लेकर मुझसे रंजिश रखते हैं, इसलिए अगर भविष्य में मेरी अस्वाभाविक मृत्यु होती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी पुत्रवधु कृतिका व उसके पिता विनोद यादव व बुआ अनिता की होगी। अरूण अग्रवाल पुत्र स्व. लालचंद नि. मूल मौहल्ला झाडान ज्वालापुर हरिद्वार, हाल नि. सरस्वती लेन दिनकर विहार विकासनगर देहरादून।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजय व पुत्रवधू मिनाक्षी हमारे कहने सुनने मे नही है इसलिए अजय व मिनाक्षी को में अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सुशील कुमार पुत्र श्री बुद्धू नि. गांजा माजरा थाना बुग्गावाला तहसील भगवानपुर हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रईस व उसकी पत्नी आशिया का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने रईस व आशिया को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
श्रीमती सईदा पत्नी स्व. मकसूद नि. ग्राम घिस्सुपुरा पदार्था उर्फ धनपुरा पथरी हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आजम व उसकी पत्नी साल्जा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने आजम व साल्जा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। गुलशेर पुत्र नूर हसन नि. ग्राम जसोदधरपुर, पो. लक्सर हरिद्वार।

# तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** जनगणना 2027 को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में फिल्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणक एवं जनगणना सुपरवाईजरों को मकान के सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

लंढौरा कस्बे की जनगणना को लेकर चमनलाल महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना संचालन हेतु जनगणना निदेशालय, देहरादून द्वारा फील्ड ट्रेनर संदीप भारद्वाज एवं नंद राम नौटियाल द्वारा जनगणना के समबन्ध में जानकारी दी और बताया कि जनगणना के दौरान भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा संविधान मे प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए जनगणना-2027 में मकान के सूचीकरण करते समय जनगणना प्रगणक को भारत सरकार द्वारा निर्धारित 34 प्रश्नो को सभी व्यक्तियों से पूछने एवं डिजिटल माध्यम से अधिग्रहण हेतु प्राधिकृत किया है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन चार्ज जनगणना अधिकारी एवं फील्ड़ ट्रैनरो द्वारा स्वगणना के लिए भी सभी को प्रेरित किया गया। इस दौरान चार्ज जनगणना अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लंढौरा हेंमत गुप्ता ने



शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से जनगणना की बारीकियों के बारे में अनुभव साझा किया। तीन दिनों तक चले शिविर को सफल बनाने में अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी आदेश कुमार (सफाई निरीक्षक) नगर पंचायत लंढौरा एवं जनगणना लिपिक गुलशेर खाँ (कर सग्रहकर्ता) नगर पंचायत लंढौरा द्वारा संचालन मे महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# कांग्रेस नेता पूजा गुप्ता व सचिन गुप्ता ने किया मोबाइल शॉप का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ समाज सेविका पूजा गुप्ता ने कहा कि आज का युवा स्वरोजगार की तरफ आकर्षित होकर स्वयं को स्वावलंबी बना रहा है। आजाद नगर स्थित मोबाइल शॉप के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर आज का युवा वर्ग जहां स्वरोजगार को अपना रहा है, वहीं दूसरी ओर लघु उद्योग को माध्यम बनाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है।उन्होंने नया शोरूम खुलने पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग सरकारी नौकरियों पर निर्भर न हो स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहा है।कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व प्रमुख समाजसेवी सचिन गुप्ता ने कहा कि शिक्षित युवा आज स्वरोजगार को अपना माध्यम बना रहा है।सरकारी नौकरियां न मिलने के कारण युवाओं को स्वरोजगार,लघु उद्योग तथा छोटे-छोटे कारोबार कर आत्मनिर्भर हो होने के अवसर तलाशे जा रहे हैं। इस मौके पर सैयद सनाउल्लाह,डॉक्टर मोहम्मद



इरफान,डॉक्टर फरीद अहमद,डॉक्टर मोहम्मद आमिल,सिकंदर हयात,शादाब हयात,सिराज हयात व शहजाद फरीदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कामकाजी परिस्थितियां!

भारत की औद्योगिक क्षमता के विस्तार से पुराने पड़ चुके बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ रहा है, ज्यादा से ज्यादा संयंत्र करीब-करीब अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रहे हैं, और उनके प्रबंधन में व्याप्त खामियों को मीडिया में अधिक कवरेज और राजनीतिक ध्यान मिल रहा है। संभव है कि ये इकाइयां लंबे समय से अपने कामगारों को खतरनाक कामकाजी परिस्थितियों में झोंक रही हों और लिहाजा पैदा होने वाले संकट पूरी तरह से आकस्मिक नहीं हैं। अनुबंध पर काम करने वाले श्रमिक (कांट्रैक्ट लेबर) सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। कामगारों का एक बढ़ता हुआ हिस्सा उपठेकेदारों के जरिए काम पर रखे गए प्रवासी श्रमिकों का है। किसी आपदा के बाद ये कामगार और संचालक एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं। सुरक्षा संबंधी संकेत और नियमावली अक्सर कामगारों की मातृभाषा में उपलब्ध नहीं होते हैं। हाल ही में बायलर विस्फोट की घटनाओं में आई बाढ़ के पीछे की एक इंजीनियरिंग से जुड़ी हकीकत यह है कि बायलर कभी भी इस तरह अचानक खराब नहीं होते हैं। ये हादसे आमतौर पर बहुत ज्यादा दबाव, क्षमता में बदलाव (स्केलिंग), पानी के स्तर के कुप्रबंधन और/या फिर से सक्रिय करने संबंधी तनाव (रिवाइवल स्ट्रेस) की वजह से होते हैं। इनमें से हरेक कारक का जोखिम वक्त के साथ बढ़ता जाता है। कुल 20 लोगों की जिंदगी लील लेने वाले छत्तीसगढ़ के शक्ति संयंत्र में हुए बायलर विस्फोट और 2020 में विशाखापत्तनम गैस रिसाव एवं 2020 में नेवेली के एक ताप विद्युत केंद्र में हुए विस्फोट में काफी कुछ समानताएं हैं। विशाखापत्तनम वाले मामले में जहां लाकडाउन के बाद फिर से शुरू होने पर एक इकाई में सुरक्षा प्रणालियां निष्क्रिय या ठीक नहीं थीं, वहीं नेवेली वाले मामले में संयंत्र को दोबारा चालू करने की प्रक्रिया ने विस्फोट को जन्म दिया। शक्ति संयंत्र को भी हाल ही में अधिग्रहित व चालू किया गया था और विस्फोट के वक्त वह अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा था। संचालन की इन अस्थिर स्थितियों में, विफलताएं अक्सर क्षणिक तापीय और दबाव संबंधी असंतुलन की वजह से होती हैं। हालांकि, व्यवहार में, न तो राष्ट्रीय बायलर निरीक्षण व्यवस्था और न ही नियामक ढांचा इन चरणों में निगरानी को बढ़ाता है। बायलर की स्थिति भले ही रोजाना बदलती रहती हो, लेकिन इनका प्रमाणन एक साल तक वैध रहता है। मौजूदा ढांचा असुरक्षित संचालन के बजाय काम बंद रहने की अवधि (डाउनटाइम) के लिए दंडित करता है और रखरखाव के लिए की गई कार्यबंदी (शटडाउन) को पुरस्कृत करता है। शक्ति संयंत्र में हुए हादसे जैसी घटनाएं इस बात का भी सबूत हैं कि निरंतर यंत्रीकरण (इंस्ट्रूमेंटेशन) और जांच के बजाय निर्माण संबंधी मानकों पर ढांचे का ध्यान केंद्रित करना कारगर नहीं है। केंद्र सरकार का व्यावसाय करने में आसानी पर ध्यान केंद्रित करने से औचक सरकारी निरीक्षणों की जगह पर स्व-प्रमाणीकरण और निर्धारित तीसरे-पक्ष द्वारा जांच को बढ़ावा मिला है।


## महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होने वाला



सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है, संसदीय सीटों का परिसीमन देश द्रोह है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं, आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, पर सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते, कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी -दलित कहां हैं, सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास



विश्व धरोहर दिवस, जिसे आधिकारिक रूप से 'स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कहा जाता है, मानव सभ्यता की स्मृतियों और भविष्य की जिम्मेदारियों के बीच सेतु का प्रतीक है। वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा स्थापित यह दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास केवल पुस्तकों में नहीं बल्कि पत्थरों, गुफाओं, नदियों, जंगलों और स्मारकों में जीवित रहता है। यह उन कहानियों का जीवंत संग्रह है, जिन्हें समय ने तराशा है और जिन्हें संरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भारत, जो हजारों वर्षों की सतत सभ्यता का वाहक रहा है, अपनी विविधता, गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण विश्व धरोहर मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान रखता है।

वर्तमान में भारत के पास 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इसे वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में स्थापित करते हैं और यह दर्शाते हैं कि भारत केवल अतीत का संग्रहालय नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति के अद्भुत संतुलन का जीवंत उदाहरण है। भारत की सांस्कृतिक धरोहरों में ताजमहल की श्वेत संगमरमर में उकेरी गई प्रेमगाथा, कुतुब मीनार की स्थापत्य भव्यता, खजुराहो मंदिर की कला और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम तथा अजंता और एलोरा गुफाओं की भित्ति चित्रों और शिल्पकला की अनूठी परंपरा शामिल है। यह केवल स्मारक नहीं बल्कि भारतीय चेतना की परतों को खोलने वाली जीवित कृतियां हैं, जो धर्म, दर्शन, कला और विज्ञान के समन्वय को प्रस्तुत करती हैं। इसी तरह हम्पी और महाबलपुरम जैसे स्थल यह प्रमाणित करते हैं कि प्राचीन भारत में स्थापत्य, जल प्रबंधन और खगोल विज्ञान कितने उन्नत स्तर पर थे। प्राकृतिक धरोहरों की बात करें तो भारत की जैव विविधता विश्व में अद्वितीय है। काजीरंगा नेशनल पार्क, सुंदरबन नेशनल पार्क, वेस्टर्न घाट और वैली ऑफ फ्लावर्स नेशनल पार्क जैसे स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक हैं बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह क्षेत्र हमें यह भी सिखाते हैं कि प्रकृति और मानव का संबंध प्रतिस्पर्धा का नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का होना चाहिए। भारत का एकमात्र मिश्रित धरोहर स्थल कंचनजंघा नेशनल पार्क इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि किस प्रकार प्रकृति और संस्कृति एक-दूसरे में घुल-मिलकर एक समग्र विरासत का निर्माण करती हैं। यहां के पर्वत, मिथक, स्थानीय आस्थाएं और पारंपरिक ज्ञान इस क्षेत्र को केवल भौगोलिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी विशिष्ट बनाते हैं। विश्व धरोहर सूची में किसी स्थल का शामिल होना केवल सम्मान नहीं बल्कि एक कठोर और बहुआयामी प्रक्रिया का परिणाम होता है। पहले किसी स्थल को 'टेंटेटिव लिस्ट' में शामिल किया जाता है, फिर विशेषज्ञों द्वारा उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और संरक्षण संबंधी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया जाता है। जब वह सभी मानकों पर खरा उतरता है, तभी उसे विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि सूची में शामिल प्रत्येक स्थल मानवता के लिए असाधारण सार्वभौमिक मूल्य रखता हो। हाल के वर्षों में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2024 में असम के मोइदाम-अहोम राजवंश की दफन प्रणाली को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया जबकि 2025 में मराठा सैन्य परि.श्यों को यह प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। यह दोनों उदाहरण यह दर्शाते हैं कि भारत की विरासत केवल प्राचीन मंदिरों और स्मारकों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें विविध ऐतिहासिक परंपराएं और क्षेत्रीय पहचान भी शामिल हैं। भारत की धरोहरें केवल राजाओं और साम्राज्यों की कहानी नहीं कहती बल्कि आम जनजीवन की रचनात्मकता, विश्वास और सामाजिक संरचना को भी अभिव्यक्त करती हैं। नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्र यह दर्शाते हैं कि भारत कभी वैश्विक ज्ञान का केंद्र रहा है, जहां दुनियाभर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। इसी प्रकार भीमबेटका की गुफाएं मानव सभ्यता के प्रारंभिक चरणों की झलक प्रस्तुत करती हैं, जहां हजारों वर्ष पुराने चित्र आज भी संवाद करते प्रतीत होते हैं। हालांकि इस गौरवशाली विरासत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण और अनियंत्रित पर्यटन कई धरोहर स्थलों के अस्तित्व पर खतरा बनकर मंडरा रहे हैं। ताजमहल के आसपास बढ़ता वायु प्रदूषण और काजीरंगा नेशनल पार्क में मानवीय हस्तक्षेप इस बात के उदाहरण हैं कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ये धरोहरें केवल स्मृतियों में सिमट सकती हैं।



**श्वेता गोयल**

इस दिशा में भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लगातार संरक्षण और पुनरुद्धार के कार्यों में सक्रिय है। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' जैसी योजनाओं के माध्यम से निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों को भी संरक्षण में भागीदार बनाया जा रहा है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से 'वर्चुअल हेरिटेज वॉक' जैसी पहलें नई पीढ़ी को धरोहरों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। फिर भी, केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। धरोहर संरक्षण को जनआंदोलन बनाना होगा। जब तक स्थानीय समुदाय स्वयं इन स्थलों को अपनी पहचान का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक संरक्षण के प्रयास अधूरे रहेंगे। बिश्नोई जैसे समुदायों का उदाहरण यह दर्शाता है कि यदि समाज जागरूक हो तो वह प्रकृति और विरासत दोनों की रक्षा कर सकता है। भारत की कई ऐसी धरोहरें भी हैं, जो अभी यूनेस्को की सूची में शामिल नहीं हैं लेकिन उनकी महत्ता किसी भी .ष्टि से कम नहीं है। वाराणसी की प्राचीनता, मथुरा-वृंदावन की सांस्कृतिक जीवंतता, उज्जैन की धार्मिक परंपरा और लोकटक झील की पारिस्थितिक विशिष्टता यह दर्शाती है कि भारत की विरासत केवल सूचीबद्ध स्थलों तक सीमित नहीं है बल्कि हर क्षेत्र, हर संस्कृति और हर परंपरा में समाई हुई है। आज के समय में, जब वैश्वीकरण और उपभोक्तावाद के प्रभाव में समाज तेजी से बदल रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें। धरोहरें केवल अतीत का अवशेष नहीं बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली प्रेरणा हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि विकास केवल आधुनिकता में नहीं बल्कि परंपरा और नवाचार के संतुलन में निहित है। भारत की धरोहरों में इतिहास पत्थरों में दर्ज है लेकिन उनका अर्थ जीवंत है। वे हमें हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी सामूहिक चेतना से जोड़ती हैं। इन्हें संरक्षित करना केवल अतीत को बचाना नहीं बल्कि भविष्य को संवारना है। यह जिम्मेदारी जितनी सरकार की है, उतनी ही समाज की भी है। यही वह संवाद है, जो धरोहरों को अमर बनाता है। भारत की 44 विश्व धरोहरें इसी अमर संवाद की प्रतीक हैं, एक ऐसा संवाद, जो अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य तक निरंतर प्रवाहित हो रहा है।

# भारत का फार्मा सेक्टर : युवाओं के लिए नया आकाश

**हम उद्योग-अकादमिक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में, शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल बिठाने के लिए नाईपर और उद्योग के बीच 356 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही स्किल डेवलपमेंट मिशनों के माध्यम से छात्रों को सीधे कंपनियों के साथ जुड़ने के मौके दिए जा रहे हैं। इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भारत एक ग्लोबल इनोवेशन हब बनेगा।**

भारत आज दुनिया की श्फार्मेसीश के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर चुका है, और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप अब हम केवल जेनेरिक दवा बनाने वाले देश से आगे बढ़कर एक श्नवाचार-आधारितश वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हमारी सरकार का उद्देश्य ऐसी नीतियां बनाना है जिससे देश के हर नागरिक कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण दवाएं से मिल सकें। साथ ही सरकार निरंतर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है और भारतीय फार्मा उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रही है। भारत की अब तक की सफलता उसकी उत्पादन क्षमता, लागत दक्षता और गुणवत्ता मानकों पर आधारित रही है। विश्व की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं और 60 प्रतिशत वैक्सीन आपूर्ति के साथ देश ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने 8 से 10 वर्षों में देश को उच्च-मूल्य, नवाचार-आधारित बायोफार्मा और उन्नत चिकित्सीय उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसकी आधारशिला के रूप में हालिया केंद्रीय बजट में घोषित रुपये 10,000 करोड़ की 'बायोफार्मा शक्ति' पहल महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम देश में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार आधारित उद्योगों और अगली पीढ़ी की दवाओं के विकास को गति प्रदान करेगा। आर्थिक आंकड़े भी इस बात को दर्शाते हैं कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर का है। जिस रफ्तार से हम आगे बढ़ रहे हैं, 2030 तक इसके 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की पूरी संभावना है। इसे केवल संख्या नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के लिए बेहतर भविष्य के रोडमैप के तौर पर भी देखने की जरूरत है। वर्तमान में फार्मास्युटिकल उद्योग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 30 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। 2030 तक हेल्थकेयर और फार्मा क्षेत्र में 20 से 25 लाख नए रोजगार सृजित होंने की उम्मीद है। बायोफार्मा, मेडटेक और क्लीनिकल रिसर्च जैसे उभरते क्षेत्रों ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं।

हमारी सरकार का मानना है कि युवाओं की सफलता की नींव एक मजबूत शैक्षणिक ढांचे पर टिकी होती है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बजट में फार्मा सेक्टर के लिए और भी कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने देश में तीन नए राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, वर्तमान में कार्यरत सात नाईपर संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। इन सात संस्थानों में श्सेंटर ऑफ एक्सीलेंसश की स्थापना की गई है, जो अनुसंधान और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है, नाईपर मोहाली में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल दवाओं की खोज एवं विकास, नाईपर अहमदाबाद में मेडिकल डिवाइसेज, नाईपर हैदराबाद में बल्क ड्रग्स, नाईपर कोलकाता में फ्लो केमिस्ट्री और सतत विनिर्माण, नाईपर रायबरेली में नोबेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम, नाईपर गुवाहाटी में फाइटोफार्मास्यूटिकल्स तथा नाईपर हाजीपुर में बायोलॉजिकल थेरैप्यूटिक्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। इन संस्थानों का सीधा लाभ हमारे विद्यार्थियों को मिलेगा। नाईपर केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं रह जाएंगे, बल्कि वे ऐसे केंद्र बनेंगे जहां छात्र उद्योग की वास्तविक चुनौतियों पर काम करेंगे। इससे हमारे छात्र केवल जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर और नवाचारी बनेंगे। बदलते दौर में काम करने के तरीके बदल रहे हैं। अनुमान है कि 2030 तक फार्मा सेक्टर के लगभग 30-35 प्रतिशत कार्यबल को री-स्किलिंग यानी नए कौशल सीखने की जरूरत होगी। केयर डिलीवरी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग की परिभाषाएं बदल रही हैं। डेटा विश्लेषण, डिजिटल हेल्थ और नियामक मामलों में उच्च कौशल वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। हमारी सरकार का ध्यान इसी स्किल गैप को भरने पर है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र क्लीनिकल रिसर्च और अनुसंधान और विकास में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करें। शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करना हमारी प्राथमिकता है। जब तक हमारे कॉलेजों में पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम और उद्योग की जरूरतें एक समान नहीं होंगी।

**-अनुप्रिया पटेल**
**(लेखक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं)**

# नोएडा में अशांति : कारखाना मालिकों को सबक लेने की जरूरत

नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में बीते 13 अप्रैल को जो घटना घटी, वह केवल एक स्थानीय प्रदर्शन नहीं थी। फेज-2 के होजरी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 60, 62, 63 और आसपास के दर्जनों कारखानों के हजारों मजदूर वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, साप्ताहिक छुट्टी, बोनस और शिकायत निवारण समिति जैसी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे। शुरू में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन था, लेकिन जल्द ही पथराव, वाहनों में आगजनी, संपत्ति तोड़फोड़ और पुलिस के साथ टकराव का रूप ले लिया। पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। सैकड़ों लोग घायल हुए, दर्जनों वाहन जलाए गए और सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारी हुई। उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत न्यूनतम मजदूरी में 21 प्रतिशत की अंतरिम वृद्धि की घोषणा कर दी, लेकिन आग बुझने में समय लगा।यह घटना मात्र नोएडा की नहीं है। यह पूरे देश के लिए एक बड़े संदेश की तरह है। आज भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अगर श्रमिक-प्रबंधन संबंधों को नजरअंदाज किया गया तो नोएडा जैसी स्थिति कहीं भी दोहराई जा सकती है।

मुख्य वजह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच न्यूनतम मजदूरी का बड़ा अंतर था। हरियाणा सरकार ने हाल ही में अनुभवी मजदूरों के वेतन में करीब 35 प्रतिशत की वृद्धि कर दी। अकुशल श्रमिकों के वेतन को 14,000 रूपए से बढ़ाकर 19,000 रूपए तक कर दिया गया। नोएडा के मजदूरों को यही खबर मिली और उन्होंने मांग की कि उनका वेतन भी उसी स्तर पर हो। वर्तमान में नोएडा में कई कारखानों में अनुभवी मजदूरों को 11-13 हजार रूपए मासिक मिल रहे थे, जबकि महंगाई, किराया, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य खर्च ने आसमान छू लिया है। साथ ही लंबे काम के घंटे, ओवरटाइम का सिंगल रेट, वेतन स्लिप न मिलना और यौन उत्पीड़न समिति जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी ने आक्रोश को भड़काया। सोशल मीडिया पर 'हरियाणा मॉडल' की खबरें तेजी से फैलीं। कुछ बाहरी तत्वों ने भी इसे भड़काने की कोशिश की, लेकिन मूल समस्या आर्थिक थी। तीन-चार दिन के शांत प्रदर्शन के बाद 13 अप्रैल को हिंसा भड़क गई। पुलिस ने न्यूनतम बल प्रयोग किया, लेकिन स्थिति बिगड़ चुकी थी। सरकार ने बाद में 1 अप्रैल से लागू होने वाली वेतन वृद्धि की घोषणा की, फिर भी कई मजदूर संतुष्ट नहीं हुए। यह अशांति अचानक नहीं आई है। पिछले कुछ वर्षों में देश भर में श्रमिकों के बीच असंतोष बढ़ा है। कारण कई हैं। महंगाई और वास्तविक आय में कमीरू खाने-पीने, आवास और परिवहन का खर्च तेजी से बढ़ा है, लेकिन वेतन वृद्धि धीमी रही। विशेषकर अनुबंधित और ठेकेदार मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित रहे।श्रम कानूनों का अधूरा कार्यान्वयनरू चार नए श्रम संहिताओं का उद्देश्य सुविधा देना था, लेकिन कई राज्यों में उन्हें पूरी तरह लागू नहीं किया गया। न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा समय पर नहीं होती।प्रबंधन की उदासीनतारू कई कारखाने एमएसएमई क्षेत्र के हैं। मालिक लागत बचाने के चक्कर में वेतन, बोनस और सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते। संवाद की कमी भी रहती है। जब हरियाणा में वेतन बढ़ा, तो नोएडा के मालिकों ने इसे 'स्थानीय मुद्दा' मानकर नजरअंदाज कर दिया। नोएडा जैसे क्षेत्रों में ज्यादातर मजदूर बिहार, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों और पूर्वी राज्यों से आते हैं। वे परिवार को पैसा भेजने के लिए कम वेतन पर भी काम करते हैं, लेकिन महंगाई ने उनका सब्र तोड़ दिया। सोशल मीडिया और सूचना का प्रसार ऐसा होने लगा कि एक जिले की खबर दूसरे जिले में तुरंत पहुंचने लगी। जिस कारण तुलना आसान हो गई है। इसी तरह की घटनाएं पहले गुरुग्राम, चेन्नई, कोयंबटूर और अहमदाबाद में भी देखी गई हैं। सवाल उठता है कि क्या दोष किसी एक पक्ष का है? उल्लेखनीय है कि कई फैक्टरियां लाभ कमा रही हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दे पा रही। संवाद की जगह दमन का रवैया अपनाया जाता है। वहीं सरकार की बात करें तो उनके द्वारा न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा में देरी करना। पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय की कमी।

श्रम विभाग की कमजोरनिगरानी, आदि जैसे कई कारण हैं जो सरकार को भी सवालों के घेरे में लाते हैं। वहीं मजदूरों की बात की जाए तो हिंसा कभी जायज नहीं होती। वाहनों में आग लगाना, पथराव और संपत्ति तोड़फोड़ से उनकी अपनी मांगें कमजोर होती हैं। ऐसे में कुछ बाहरी उकसावे वाले तत्व इन सब का फायदा उठा लेते हैं। कई जगह यूनियनें राजनीतिक रंग ले लेती हैं और संवाद की बजाय आंदोलन को बढ़ावा देती हैं। वास्तव में दोष 'व्यवस्था' का है, जिसमें त्रिपक्षीय संवाद (सरकार-प्रबंधन-श्रमिक) कमजोर हो गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



### कर्मचारियों के हक

**"नोएडा से सबक लेकर देश भर के कारखाना मालिकों को तुरंत कुछ कदम उठाने चाहिए।**

- **हर साल महंगाई के आधार पर 10 से 20 फीसदी वेतन बढ़ोतरी का फॉर्मूला तय करें।**
- **वेतन समय पर और स्लिप के साथ दें।**
- **ग्रेविएंस कमेटी, वर्कर्स वेलफेयर कमेटी बनाएं।**
- **मासिक बैठकें रखें।**
- **ओवरटाइम, पीएफ, ईएसआई, बोनस, छुट्टियां जैसे सभी नियमों का पालन करें।**
- **मजदूरों को ट्रेनिंग दें ताकि वे ज्यादा उत्पादक बनें व बेहतर वेतन का हकदार हों।**
- **काम का माहौल सुरक्षित और सम्मानजनक बनाएं।**
- **यौन उत्पीड़न समिति अनिवार्य रूप से सक्रिय रखें।**
- **राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर लंबी अवधि की मजदूरी नीति बनाएं।**



**रजनीश कपूर**



प्रयागराज। भीषण गर्मी में पानी के टैंकर के ऊपर से पानी की बोतलें भरता व्यक्ति।

## मार्को रुबियों-एवेट कपूर के बीच युद्ध विराम व होर्मुज को लेकर चर्चा

**लंदन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर के साथ अमेरिकी-ईरान युद्ध विराम और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि दोनों नेताओं ने युद्ध विराम के अगले कदमों की समीक्षा की और जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वाणिज्यिक जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच वर्तमान संघर्षविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उल्लेख किया कि यह अभी भी अनिश्चित है कि युद्ध विराम को आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं, लेकिन उन्होंने चल रही बातचीत के बारे में आशा व्यक्त की।

## मैक्रों ने इजरायल व लेबनान युद्धविराम का समर्थन किया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजरायल और लेबनान के बीच दस दिनों के युद्धविराम का 'पूर्ण समर्थन' किया है। मैक्रों ने हालांकि इस समझौते को लेकर चिंता भी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं इस बात को लेकर चिंतित हूं कि सैन्य अभियानों के जारी रहने से यह युद्धविराम कमजोर पड़ सकता है। मैं सीमा के दोनों ओर नागरिक आबादी की सुरक्षा की अपील करता हूं। हिजबुल्लाह को अपने हथियारों का त्याग करना चाहिए और इजरायल को लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए युद्ध रोकना चाहिए। इजरायल और लेबनान दोनों ने इस युद्धविराम का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'ऐतिहासिक शांति समझौता करने का अवसर' बताया है। यह समझौता फिलहाल दस दिनों के लिए है, जिसे बातचीत में प्रगति होने पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यूबा के राष्ट्रपति की ट्रम्प को दो टूक

### अमेरिका ने सैन्य आक्रामकता दिखाई, तो लड़ाई लड़ेगा देश, हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने कहा कि क्यूबा नहीं चाहता कि अमेरिका उस पर सैन्य कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो उनका देश लड़ने के लिए तैयार है। डियाज-कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे।

यह रैली क्यूबा की क्रांति के 65 साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी, जब क्यूबा ने खुद को समाजवादी देश घोषित किया था। डियाज-कैनेल ने कहा, यह बेहद चुनौतीपूर्ण समय है और हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, जैसे 16 अप्रैल 1961 को थे। इन खतरों में (संभावित) सैन्य हमला भी शामिल है। हम यह नहीं चाहते, लेकिन इससे बचने के लिए तैयारी करना हमारा कर्तव्य है और अगर यह टालना संभव न हो, तो हमें इसे हराना होगा। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही, जब



■ डियाज कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे

दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका की ऊर्जा नाकेबंदी के कारण क्यूबा का संकट और गहरा गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के साथ जंग खत्म होने के बाद उनका प्रशासन क्यूबा पर फोकस कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम इसे खत्म करने के बाद क्यूबा की ओर भी जा सकते हैं। उन्होंने क्यूबा को विफल देश बताया और कहा कि यह लंबे समय से खराब तरीके से चलाया जा रहा है। जनवरी के शुरुआत में ट्रम्प ने पहले भी क्यूबा में दखल की धमकी दी थी, जब अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला पर हमला किया और वहां से आने वाले तेल की आपूर्ति रोक दी। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी, जो क्यूबा को तेल बेचते हैं या उपलब्ध कराते हैं। ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माता-पिता 1950 के दशक में क्रांति से पहले क्यूबा से प्रवास कर गए थे। दोनों ने क्यूबा की सरकार को अक्षम और दमनकारी बताया है। डियाज-कैनेल ने उन पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसा 'कहानी' बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा क्यूबा असफल देश नहीं है। क्यूबा एक घिरा हुआ देश है। क्यूबा एक ऐसा देश है, जो कई तरह के हमलों का सामना कर रहा है। इनमें आर्थिक युद्ध, कड़ी नाकेबंदी और ऊर्जा नाकेबंदी शामिल हैं। उन्होंने कहा क्यूबा एक ऐसा देश है जिसे धमकाया जाता रहा है, लेकिन वह झुकता नहीं है। हर चीज के बावजूद समाजवाद की वजह से क्यूबा एक ऐसा देश है, जो संघर्ष करता है, आगे बढ़ता है और याद रखिए, यह देश जीतकर रहेगा। क्यूबा और अमेरिका दोनों ने माना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत चल रही है, लेकिन इसके बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में लेबनानी शिया आंदोलन हिज्बुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले 24 घंटों में, आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में सक्रिय जमीनी बलों के अभियानों का समर्थन करने के लिए हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह के सदस्यों, मुख्यालयों और लॉन्चरों को निशाना बनाया गया।

### इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर हेलीकॉप्टर क्रैश, आठ की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पाम आयल के बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी दी। यह हेलीकॉप्टर 'पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा' कंपनी का था और इसका माडल एयरबस एच130 था। इसने पश्चिमी कालीमंतन प्रांत के मेल्वी जिले से उड़ान भरी थी।

### लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को होगी रिलीज

**मुंबई।** रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को दुनियाभर में रिलीज होगी भव्य स्तर पर बनी लव एंड वॉर, संजय लीला भंसाली की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। अपनी भव्य कहानी और इमोशनल गहराई के साथ, यह फिल्म भारत की सबसे बड़ी लव सागा और इंडियन सिनेमा की सबसे शानदार रोमांटिक फिल्मों में से एक बनकर उभर रही है।

# ईरान से समझौते को खुद पाक जाएंगे ट्रम्प!

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए कहा कि मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही।

पीएम मोदी ने भी ट्रम्प के फोन काल की पुष्टि की थी। गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रम्प ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत और ईरान से इतर इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है। डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रम्प की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार 'अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका' जैसे रुख पर जोर देती है। डोनरो सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति के दौर में इस्तेमाल 'मोनरो सिद्धांत' से प्रेरित है। दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा। बीते करीब 200 साल से अधिक समय से इस नीति को डोनरो सिद्धांत की तरह पेश किया जा रहा है। अब गाहे-ब-गाहे ट्रम्प की नीतियों को भी इसी जुमले के आधार पर पेश किया जाता है।

वहीं ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ बहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रम्प ने ईरान को कठिन, स्मार्ट देश बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रम्प ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को 'सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक' बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रम्प ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।



■ मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रहीः ट्रम्प
■ दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की

## अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में शांति वार्ता के दूसरे दौर की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अगले हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की महत्वपूर्ण शांति वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करना है। इस युद्ध ने दुनिया भर में ऊर्जा की आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले हफ्ते हुई पहली सीधी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई थी। हालांकि, दोनों पक्ष अभी दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम का पालन कर रहे हैं। यह युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होगा। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाकर दोनों देशों को फिर से बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है। अधिकारिक ने सूत्रों ने शुक्रवार को कहा, दोनों पक्षों को बातचीत की टेबल पर वापस लाने के लिए तेजी से डिप्लोमैटिक काम हुआ। इस शांति प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर काफी सक्रिय हैं।

## ट्रम्प ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया

■ ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर अमेरिकी राष्ट्रपति दे रहे सफाई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों के बीच गुरुवार को लास वेगास में एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सरकार के आर्थिक रिकॉर्ड का बचाव किया। श्रम विभाग की हालिया रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे बड़ी उछाल है। ट्रम्प ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर संदेह जताते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थाई वृद्धि का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि यह मत भूलिए कि ईंधन और ऊर्जा की कीमतों के कारण हमें कुछ 'फर्जी महंगाई' का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि ये बढ़ी हुई कीमतें 'अल्पकालिक' हैं और उन्होंने अमेरिकियों से आने वाले सप्ताह के घटनाक्रमों पर नजर रखने का आग्रह किया। गौरतलब है कि खाड़ी क्षेत्र में ईरान के जवाबी हमलों के बाद ईंधन की कीमतों में यह उछाल आया था, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला तेल व्यापार प्रभावित हुआ था। हालांकि, ट्रम्प द्वारा शांति वार्ता के दौरान संघर्ष पर अस्थाई रोक लगाने की घोषणा के बाद ऊर्जा बाजारों में कुछ राहत देखी गई है। उल्लेखनीय है कि आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रम्प के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। आगामी मध्यावधि चुनावों में भी जीवन यापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। लास वेगास के इस कार्यक्रम में सरकार की 'नो टैक्स ऑन टिप्स' नीति पर प्रकाश डाला गया। इसे पिछले साल के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के तहत लागू किया गया था, जो सेवा उद्योग की 60 से अधिक नौकरियों में मिलने वाली बख्शीश पर संघीय कर को समाप्त करता है। इस गोलमेज बैठक में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, सांसद टॉमी ट्यूबरविल और नेवादा के लेफ्टिनेंट गवर्नर स्टावरोस एंथोनी भी शामिल हुए।

## नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरू

■ सात पूर्व पीएम, तीन राष्ट्रपति, राजा की संपत्ति की जांच, 100 मंत्री और अधिकारी भी दायरे में

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा। जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है।

इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे। इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे। यह जांच नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद के पूरे दौर को कवर करेगी। इसका मतलब 2006 के बाद का लगभग पूरा राजनीतिक नेतृत्व अब जांच के दायरे में आ गया है। खास बात यह है कि यह जांच शाह सरकार के अपने राजनीतिक दायरे तक भी जा सकती है।

## अमेरिका में वैज्ञानिकों के लापता होने पर ट्रम्प बोलेः मामला गंभीर जांच का दिया आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों के लापता या मृत होने की रिपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रम्प ने इस मामले को 'गंभीर' बताया और जांच के आदेश दिए। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर बैठक की है और जल्द ही इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोग इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2023 के बाद से कम से कम 10 वैज्ञानिक या सरकारी कर्मचारी, जो एडवांस डिफेंस और एयरोस्पेस रिसर्च में काम कर रहे थे, लापता हो गए हैं या उनकी मौत हो गई है। इन मामलों में लास एलामोस नेशनल लैबोरेटरी, नासा की जेट प्रोपल्शन लैब और डप्ज के प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर से जुड़े लोगों का जिक्र किया गया है।

# अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

### जॉर्डन लौट रहे सैनिक, सरकार बोलीः अब देश में एक ही प्रशासन चलेगा

**दमिश्क।** करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए।

सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जार्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। हसाका प्रांत के ग्रामीण इलाके में स्थित कसरक



बेस है। अमेरिकी सेना की वापसी के बाद इसे सीरियाई सरकारी बलों को सौंप दिया गया। इस बीच, सीरिया सरकार और एसडीएफ के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और क़ामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है। इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत एसडीएफ और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सीरिया ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय एंटी-आईएसआईएल गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है। एसडीएफ एक कुर्द-नेतृत्व वाला गठबंधन है, जिसे 2015 में बनाया गया था और इसमें कुर्द, अरब और दूसरे स्थानीय समूह शामिल हैं। सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान जब सरकार कमजोर हुई, तब कुर्द लड़ाकों ने उत्तर-पूर्वी इलाकों पर कब्जा कर लिया। बाद में यही एसडीएफ के रूप में मजबूत ताकत बन गया। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शारा और सीरिया के विदेश मंत्री असद हसन अल शैबानी दमिश्क में एसडीएफ के नेता मजलूम अब्दी से मिले। फोटो 16 अप्रैल की है।

# इजरायल-लेबनान के बीच युद्धविराम लागू

### आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए दोनों देश

**तेल अवीव/बेरूत।** इजरायल और लेबनान 10 दिनों के लिए संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं, जो पूर्वी समय अनुसार 16 अप्रैल शाम पांच बजे (भारतीय समयानुसार 17 अप्रैल तड़के 3:30 बजे) से प्रभावी हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता है।

अच्छी चीजें हो रही हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाया है और यह दसवां होगा। उन्होंने कहा कि तो चलिए इसे पूरा करते हैं। इस अस्थाई युद्धविराम का उद्देश्य स्थाई शांति समझौते की दिशा में बातचीत के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समझौता ट्रम्प द्वारा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और



■ लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता हैः ट्रम्प

लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ चर्चा के बाद कराया गया था। समझौते के अनुसार, इजरायल और लेबनान आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए हैं। लेबनान ने हिजबुल्लाह को हमले करने से रोकने के लिए सार्थक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। इस अवधि के दौरान इजरायली बल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर के 'सुरक्षा क्षेत्र' में बने रहेंगे। भले ही युद्धविराम आधिकारिक तौर पर प्रभावी है लेकिन लेबनानी सेना ने आज सुबह दक्षिणी गांवों में इजरायल द्वारा कई हमलों की सूचना दी। इस बीच, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि उन्होंने पिछले 24 घंटों के दौरान लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने कहा कि वे तभी तक संघर्षविराम का 'पालन' करेंगे जब तक इजरायली हमले बंद रहेंगे। यह संघर्षविराम एक व्यापक क्षेत्रीय राजनयिक प्रयास का हिस्सा है जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच अलग से चल रहा दो सप्ताह का युद्धविराम भी शामिल है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)